The Bank extends its three foreign inward remittance channels namely (a) 'Dena India Remit' for a safe and efficient cost effective solution to remitters who are based in USA, UK and in EURO land (b) arrangement with Western Union Money Transfer Services and (c) the tie up with UAE Exchange Centre LLC, Abu Dhabi for providing money transfer facility in Rupee Drafts to expatriates from Gulf countries and also from UK.

Foreign currency assets of the Bank are valued based on rates issued by FEDAI and the resultant profit / loss arising out of such revaluation are accounted for in the Profit and Loss Account. Guarantees, letters of credit, letters of comfort, acceptances, endorsements and other obligations in foreign currency are revalued on the rates issued by FEDAI for the purpose of Balance Sheet exposure. Income and Expenditure items arising out of forex transactions are recognized at the exchange rates prevailing on respective dates of transaction.

19. Asset Quality and Recovery Management

19.1 The Bank bestowed attention on improvement in asset quality considering the economic slowdown and consequential adverse impact on the asset delinquency rate in the previous year. Reduction in Non-Performing Assets (NPAs) was given thrust to ensure that level of NPAs is restricted to the minimum possible. Continuous efforts were made for upgradation of recently slipped NPAs, recovery in NPAs through compromise settlements and action under SARFAESI Act, 2002. This multipronged approach resulted in improvement in asset quality during the year.

Gross NPA ratio of the Bank stands improved by 33 bps to 1.80% from 2.13% as on 31.03.2010. The Gross NPA, in absolute terms, marginally increased by Rs. 21.22 crores from Rs. 620.77 crores as on 31st March, 2009 to Rs. 641.99 crores as at the end of the year. Net NPAs increased by 114.15 crores from Rs. 313.38 crores as of 31st March, 2009 to Rs.427.53 crores as of 31st March, 2010 and Net NPA ratio increased by 12 bps to 1.21% as at the end of the year.

(रु. करोडों में) (Rs. in crores)

	मार्च March 2009	मार्च March 2010
सकल अग्रिम Gross Advances	29185.36	**35721.41**
सकल एनपीए Gross NPAs	620.77	**641.99**
सकल अग्रिमों में सकल एनपीए Gross NPA to Gross Advance	2.13 %	**1.80 %**
निवल अग्रिम Net Advances	28877.96	**35462.44**
निवल एनपीए Net NPAs	313.38	**427.53**
निवल अग्रिमों में निवल एनपीए Net NPA to Net Advances	1.09%	**1.21%**
प्रावधान कवरेज अनुपात (विवेकपूर्ण बट्टेखाते भी शामिल) Provision Coverage ratio (including Prudential write off)	84.59%	**78.61%**

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

नकद वसूली 2008-09 में रु. 188.72 की तुलना में, वर्ष के दौरान रु.195.43 करोड रही. वर्ष के दौरान उन्नयन भी 2008-09 में रु.191.38 करोड की तुलना में अधिक अर्थात् रु.228.42 करोड हुए.

The cash recovery during the year was at Rs.195.43 crores as against Rs.188.72 crores in 2008-09. Upgradations during the year were also higher at Rs 228.42 crores as against Rs.191.38 crores in 2008-09.

(रु करोडों में) (Rs. in crores)

	मार्च March 2009	मार्च March 2010
नए स्लिपेज Fresh Slippages	675.71	**629.93**
नकद वसूली Cash Recovery	188.72	**195.43**
उन्नयन Upgradation	191.38	**228.42**
बट्टे खाते डाले गये खातों में वसूली Recovery in Write Off	100.24	**125.54**

19.2 आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए पहल

वर्ष के दौरान, समझौता निपटारा द्वारा वसूली प्रयासों को बढाने के लिए सभी प्रमुख केंद्रों में अधिकारियों को नामित करके एनपीए की वसूली पर विशेष ध्यान दिया गया. बट्टे खाते डाले गये खातों में वसूली के लिए विशेष वसूली अभियान चलाये गए. क्षेत्रीय कार्यालयों के एनपीए वसूली कक्ष द्वारा निरंतर आधार पर एनपीए को कम करने में हुई प्रगति की समीक्षा की गई. छोटे एनपीए उधारकर्ताओं पर भी ध्यान दिया गया तथा बैंक ने (रु. 2.00 लाख तक के बकाया वाले) छोटे उधारकर्ताओं के लिए विशेष एकबारगी समझौता निपटान योजना को एक वर्ष और बढ़ाकर उसे दिनांक 31.3.2010 तक लागू किया था.

सभी क्षेत्रों में रु.10.00 लाख तक के छोटे बट्टे खाते लिखे गये खातों में वसूली के लिए विशेष वसूली अभियान चलाये गये. जिसके फलस्वरुप, बैंक ने बट्टे खातों में, 2008-09 में रु. 100.24 करोड की तुलना में, रु. 125.54 करोड की वसूली की.

बैंक ने वर्ष के दौरान विभिन्न केंद्रों मे 1589 वसूली शिविरों का आयोजन किया जिसमें 19379 उधारकर्ताओं ने भाग लिया. वर्ष के दौरान इन वसूली शिविरों के माध्यम से रु. 20.66 करोड के 3503 एनपीए खातों का निपटारा किया गया एवं रु. 38.66 करोड़ के 1644 खातों का उन्नयन किया गया.

मार्च 2009-10 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक की एक बारगी समझौता निपटान योजना के अंतर्गत एकबारगी समझौता निपटान के लिए रु. 91.41 करोड की समझौता राशि के कुल 4246 खातों पर विचार किया गया, जिनमें रु. 83.31 करोड़ की वसूली हुई, जबकि मार्च 2009 को समाप्त वर्ष के दौरान 1614 मामलों पर विचार किया गया था जिनमें समझौता राशि रु.112.21 करोड की थी और उनमें नकद वसूली रु. 38.41 करोड की हुई थी.

20. विधिक सेवाएं / सूचना अधिकार अधिनियम

20.1 बैंकों / वित्तीय संस्थाओं और आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों को एनपीए का विक्रय

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक 23.04.2003 तथा 13.07.2005 को जारी किए गए दिशानिदेशों के अनुसरण में, बैंक ने वर्ष 2009-10 के दौरान एक एनपीए खाता मेसर्स यूनिकार्प इंडस्ट्रीज लिमिटेड का विक्रय एक एआरसी को रु. 12.06 करोड़ में किया. वर्ष 2005-06 के दौरान बिक्री किये गये मेसर्स स्पेक्ट्रम पॉवर जेनरेशन लिमिटेड की दो छमाही आस्थगित भुगतान गारंटी किश्तें एआरसीआईएल द्वारा रु.8.29 करोड़ में अधिग्रहण की गई .

19.2 Initiatives on Improvement in Asset Quality

Special attention was given to recovery in NPAs during the year by designating officers' at all major centres to augment recovery efforts through negotiated settlements. Special recovery drives were introduced for recovery in written off accounts. The progress in recovery made in reduction of NPAs was reviewed on a regular basis by NPA Recovery Cells at Regional Offices. Attention was also paid to the small NPA borrowers and the Bank had extended Special One Time Settlement scheme for Small Borrowers (outstanding up to Rs. 2 lacs) by another year i.e. up to 31st March, 2010.

Special recovery drives were also organized for recoveries in smaller written of accounts up to Rs.10.00 lacs in all Regions. As a result, the Bank was able to recover Rs.125.54 crores in the written off a/cs as against Rs.100.24 crores in 2008-09.

Bank conducted 1589 recovery camps in various Regions during the year which were attended by 19379 borrowers. A total of 3503 accounts were settled for Rs.20.66 crores and 1644 accounts were upgraded for Rs.38.66 crores during the year through such recovery camps.

A total of 4246 accounts with compromise amount of Rs.91.41 crores were considered for OTS compromise under bank's OTS scheme during the year ended March 2009-10 against which a cash recovery of Rs.83.31 crores was effected as against 1614 accounts with compromise amount of Rs.112.21 crores with cash recovery of Rs. 38.41 crores effected during the year ended March 2009.

20. Legal Services/ RTI Act

20.1 Sale of NPA amongst Banks / FIs and ARC

In Terms of the RBI Guidelines issued on 23.04.2003 and 13.07.2005, the Bank has during 2009-10, sold one NPA A/c to an ARC for Rs. 12.06 crores and two half yearly Deferred Payment Guarantee Installments sold during 2005-06, were taken over by ARCIL with an aggregate amount of Rs. 8.29 crores.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

20.2 सरफाइसी अधिनियम, 2002 के अधीन वसूली :

वित्तीय आस्ति प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन, 2002 (सरफायसी) अधिनियम के अंतर्गत एन पी ए खातों में वसूली के लिए बैंक ने रु. 311.03 करोड़ की राशि वाले पात्र खातों में 1469 नोटिस जारी किये. वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक 2053 खातों (इनमें वे खाते भी शामिल हैं, जिनमें नोटिस पिछले वर्ष जारी किये गये थे) में रु. 103.42 करोड़ की राशि वसूल करने में सफल रहा.

20.3 लोक अदालत के माध्यम से वसूली :

विधिक सेवाएं प्राधिकारी अधिनियम के अंतर्गत गठित लोक अदालत के माध्यम से विवादों के शीघ्र समाधान और अपने चूककर्ताओं से वसूली करने के लिए बैंक अधिकतम लोक अदालतों की व्यवस्था करने के लिए प्रयास करता है जिसमें मुकदमा पूर्व एवं मुकदमा के बाद अर्थात् वाद दायर एवं गैर वाद दायर खातों को निपटान हेतु रखा जा सके. वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक ने (पिछले वर्षों में निपटाए गए मामले भी शामिल) 2290 खातों में रु.2.87 करोड वसूल किए.

20.4 ऋण वसूली अधिकरण / सिविल न्यायालय में दायर वादों के माध्यम से वसूली :

31.03.2010 को हमारे बैंक में रु. 1273.77 करोड की राशि के 2527 दावा दायर खाते विभिन्न ऋण वसूली अधिकरणों/ सिविल न्यायालयों में लंबित हैं तथा रु. 868.03 करोड राशि के 1925 डिक्रीकृत खाते विभिन्न ऋण वसूली अधिकरणों/ सिविल न्यायालयों में लंबित हैं. बैंक ने उपर्युक्त दावा दायर एवं डिक्रीकृत खातों में वर्ष के दौरान रु.75.78 करोड़ की राशि वसूल की.

20.5 औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड मामले (बीआईएफआर)

निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वसूली नीति के अनुसार, बीआईएफआर मामलों का समन्वय करने के लिए नई दिल्ली कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की पहचान की गई है. वर्ष के दौरान, समझौते, बीआईएफआर द्वारा संदर्भ किए जाने/ कमी से खातों के बंद होने के कारण 29 मामलों को हटा दिया गया है. बैंक ने रु. 10.93 करोड़ की रकम वसूल की. वर्ष के दौरान रु.68.12 करोड की राशि के 5 नए मामले / संदर्भ जोडे गए . वर्ष के अंत में बीआईएफआर / एएआईएफआर के समक्ष रु. 353.72 करोड़ के 31 मामले लंबित हैं.

20.6 सूचना के अधिकार का अधिनियम

सूचना के अधिकार का अधिनियम 2005 के तहत भारत के नागरिकों से प्राप्त निवेदनों पर विचार करने हेतु बैंक ने राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी को नामित किया है. बैंक ने राज्य लोक सूचना अधिकारी / केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के निर्णयों के खिलाफ अपीलों के निपटान के लिए कार्यपालक निदेशक को अपील प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया है.

वर्ष के दौरान बैंक को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत 567 आवेदन प्राप्त हुए तथा मानदंडों के अनुसार 555 आवेदनों (पिछले वर्ष के 17 आवेदन भी शामिल) का निपटान किया गया. वर्ष के दौरान अपील प्राधिकारी को 132 अपील प्राप्त हुई जिनमें से मानदंडों के अनुसार 130 अपीलों (पिछले वर्ष के 05 अपील भी शामिल) का निपटान किया गया.

20.2 Recovery under SARFAESI Act, 2002

For expediting recovery in NPA accounts under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (SARFAESI) 1469 Notices were issued in the eligible accounts involving an amount of Rs. 311.03 crores. The Bank was successful in recovering an amount of Rs. 103.42 crores in 2053 accounts (including those where notices were issued during previous years) during the year 2009-2010.

20.3 Recovery through Lok Adalats

For an early resolution of disputes and recoveries from its defaulters through Lok Adalats constituted under Legal Services Authorities Act. the Bank endeavours to arrange maximum Lok Adalats wherein both pre and post litigation i.e. suit filed and non suit filed accounts can be placed for settlement. The Bank has recovered Rs. 2.87 crores during 2009-10 (inclusive of recovery made in the cases settled during previous years), in 2290 accounts.

20.4 Recovery through Suits in the Debt Recovery Tribunal / Civil Courts

As of 31.03.2010, our Bank is having 2527 Suit Filed accounts in various DRT/Civil Courts involving an amount of Rs. 1273.77 crores and 1925 Decreed accounts in various DRTs /Civil courts involving an amount Rs. 868.03 crores. During the year, the Bank had recovered Rs. 75.78 crores in the above suit filed and Decreed accounts.

20.5 BIFR Cases

In terms of Recovery Policy approved by the Board, a Nodal Officer stationed at New Delhi, has been identified for co-coordinating the BIFR Cases. During the year, 29 cases were removed on account of closure of accounts due to compromised, rejection / abatement of reference by BIFR. The Bank has recovered a sum of Rs. 10.93 crores. 5 new cases / references were added during the year involving an amount of Rs. 68.12 crores. At the end of year 31 cases involving Rs. 353.72 crores are pending before BIFR / AAIFR.

20.6 Right to Information Act

Bank has designated State Public Information Officers & Central Public Information Officers for dealing with requests received from Citizen's of India under RTI Act, 2005. Bank has also designated the Executive Director as Appellate Authority to dispose the appeals received against the decision of SPIO/CPIO.

During the Year the Bank has received 567 requests under RTI Act, and disposed off 555 requests (inclusive 17 requests carried forward from previous year) as per the norms. The Appellate Authority has received 132 Appeal and disposed off 130 Appeals (inclusive 05 Appeals carried forward from previous year) as per norms during the year.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

21. सरकारी कारोबार

सरकार से संबंधित लेनदेनों को करने हेतु 2005 से प्रधान कार्यालय में सरकारी कारोबार विभाग कार्यरत है. हमारा बैंक अपनी 794 शाखाओं के माध्यम से केंद्र सरकार के पेंशन भोगी अर्थात् रक्षा, केंद्रीय सिविल, रेल्वे तथा दूरसंचार, राज्य राजनीतिक पेंशनभोगी तथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं छत्तीसगढ राज्यों में राज्य सरकार पेंशनभोगियों के लिए सरकार की तरफ से एजेंट के रूप में कार्य करता है. बैंक केंद्र सरकार के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर, उत्पादशुल्क एवं सेवा कर तथा महाराष्ट्र राज्य के लिए बिक्री कर एवं मूल्य वर्धित कर वसूल करता है. इसके अलावा, बैंक, डाक एवं तार विभाग, विधिक मामले मंत्रालय एवं अन्य मंत्रालयों के खातों के रखरखाव के लिए नामित है. बैंक ने राजस्व विभाग की ओर से प्रलेखों पर स्टांप शुल्क प्रेंकिंग कार्य भी अपने हाथ में लिया है. वह केंद्रीय / राज्य राजकोषीय परिचालन भी करता है. अद्यतन तकनीकी का प्रयोग करते हुए बैंक ने सभी सी बी एस शाखाओं से अपने ग्राहकों को प्रत्यक्ष कर, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर का ई.भुगतान करने की सुविधा भी प्रदान की है.

लोक भविष्य निधि योजना, 1968 का परिचालन 68 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से किया जाता है. भा.रि. बैंक बॉंड तथा वरिष्ठ नागरिक बचत बॉंड 36 नामित शाखाओं के माध्यम से जारी किये जाते हैं.

बैंक ने वित्त वर्ष 2009-10 में रु. 07.46 करोड़ का पर्ण्यावर्त कमीशन अर्जित किया जबकि पिछले वर्ष में रु. 05.93 करोड़ अर्जित किया था, जो पिछले वर्ष से रु. 1.53 करोड़ अधिक अर्थात 25.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है.

22. बैंक बीमा

बैंक अपने ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है एवं ग्राहकों को मूल्य वृद्धि प्रदान करने हेतु अन्य पक्ष उत्पाद अर्थात् बीमा एवं म्युचुअल फंड के वितरण का कार्य करना भी कर रहा है.

म्युचुअल फंड उत्पादों का वितरण

बैंक ने अपनी चयनित शाखाओं के माध्यम से म्युचुअल फंडों के वितरण के लिए 14 प्रमुख म्युचुअल फंडों की आस्ति प्रबंधन कंपनियों (ए एम सी) से योजनाबद्ध विपणन गठजोड़ किया है. वर्ष के दौरान बैंक ने निम्नलिखित तीन ए एम सी से गठजोड किया है:

i. डी एस पी ब्लेकरॉक इन्वेस्टमेंट मेनेजर्स लिमिटेड

ii. एफ आई एल फंड मेनेजमेंट प्रा. लि. (फिडिलिटी म्युचुअल फंड)

iii. शिनसी एसेट मेनेजमेंट (इंडिया) प्रा. लि.

बीमा उत्पादों का वितरण

बैंक ने सभी शाखाओं में ग्राहकों को सभी बीमा उत्पाद उपलब्ध कराने हेतु भारतीय जीवन बीमा निगम एवं दि ओरियंटल इंन्सुरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ क्रमश: उनके जीवन बीमा उत्पाद एवं सामान्य बीमा उत्पादों के वितरण के लिए कारोबारी गठजोड़ व्यवस्था की है.

बैंक की शाखाओं में ही निर्यातकों को विभिन्न निर्यात बीमा पॉलिसियां उपलब्ध कराने के लिए बैंक ने निर्यात साख गारंटी निगम (ईसीजीसी) के साथ गठबंधन किया है.

21. Government Business

The Government Business Department is functional at Head Office since 2005 for dealing exclusively in Government related Transactions. Our Bank acts as agent on behalf of the Central Government for payment of Pension through 794 branches to the Central Government pensioners, viz., Defence, Central Civil, Railways and also Telecommunications, State Political Pensioners and Pension to the State Government pensioners in the States of Maharashtra, Gujarat and Chhattisgarh. The Bank collects Direct and Indirect Taxes, Excise and Service Tax for the Central Government and Sales Tax and VAT for the State of Maharashtra. Besides the Bank is designated for maintaining the Accounts of Post and Telegraph Department, Ministry of Legal Affairs and other Ministries. On behalf of the Revenue Department Franking of stamp duty on Documents is also undertaken. It also carries out Central / State Treasury Operations. By using the latest Techonology, the Bank has enabled its customers to make E-payment of Direct Taxes, Excise and Service Tax from all CBS Branches.

Public Provident Fund Scheme, 1968 is operated through 88 Authorised branches. RBI Bonds and Senior Citizens Savings Bonds are issued through 36 designated branches.

The Bank has earned a Turn over Commission of Rs. 7.46 crores in the F.Y 2009-2010 as against Rs. 5.93 crores earned in the previous year, registering a growth of Rs. 1.53 crores in absolute terms and achieving 25.8% growth over the previous year.

22. Bancassurance

The Bank is committed to providing a wide range of financial services to its customers and has taken up the activity of distribution of third party products viz. Insurance and Mutual Funds to provide value addition to the customers.

Distribution of Mutual Fund products

The Bank has strategic marketing alliance with Asset Management companies of 14 major Mutual Funds for distribution of their mutual fund products through the selected branches. During the year the Bank has entered into Tie-up with the following three AMC's

i. DSP BlackRock Investment Managers Limited.

ii. FIL Fund Management Pvt. Ltd. [Fidelity Mutual Fund]

iii. Shinsei Asset Management (India) Pvt. Ltd.

Distribution of insurance products

The Bank has existing Bancassurance tie ups with the Life Insurance Corporation of India and The Oriental Insurance Company Ltd. for distribution of their life insurance products and general insurance products respectively to make available the entire range of insurance products to the customers at all branches.

The Bank has also tied up with the Export Credit Guarantee Corporation [ECGC] to provide their various insurance policies to exporters at the Bank's branches itself.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

अन्य पक्ष के उत्पादों की बिक्री से बैंक के ब्याजेतर आय में वृद्धि होती है. वर्ष 2009-10 में बीमा एवं म्युचुअल फंड उत्पादों की बिक्री से कुल आय रु.9.82 करोड रही.

23. डिपाजिटरी सहभागिता सेवाएं

बैंक अपने ग्राहकों को पूंजी बाजार शाखा तथा जुहु विलेपार्ले शाखा एवं मुलुंड पूर्व शाखा में स्थित दो वसूली केंद्रों से डिपाजिटरी सेवाएं प्रदान कर रहा है. अब बैंक इन सेवाओं को निर्धारित शाखाओं से विभिन्न केंद्रों को विस्तारित करने की योजना बना रहा है.

24. आय और व्यय

24.1 आय

वर्ष के दौरान बैंक की कुल आय पिछले वर्ष के रु.3877.62 करोड़ के स्तर की तुलना में रु.721.37 करोड (18.60%) बढ़कर रु.4598.99 करोड़ हो गई.

बैंक की ब्याजगत आय 16.33% की वृद्धि के साथ रु.4010.36 करोड रही जबकि अन्य आय 36.85% बढकर रु.430.12 करोड से रु.588.63 करोड हो गई.

निगमित क्षेत्र की ओर से मूल उधार दर या उससे निम्न दर पर ऋण प्रदान करने हेतु दबाव के बावजूद अग्रिमों से प्राप्त आय में 17.28% की वृद्धि हुई. बैंक द्वारा उच्च आय वाले ऋणों तथा लघु तथा मध्यम उद्यम एवं रिटेल तथा कृषि आदि पर ध्यान केंद्रित करने वाली रणनीति अपनाए जाने के कारण और बडे कॉर्पोरेट ऋणों के पुनर्मूल्यांकन के कारण यह संभव हो सका. वर्ष के दौरान विपरीत बाजार स्थितियों के बावजूद निवेशों से प्राप्त ब्याज आय में 15.91% की वृद्धि हुई.

ब्याजेतर आय की वृद्धि रु.158.51 करोड (36.85%) रही जिससे वह मार्च 09 के रु.430.12 करोड से बढ़कर मार्च 2010 में रु.588.63. करोड़ हो गई.

24.2 व्यय

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान कुल व्यय में 19.27% की वृद्धि हुई. इसका मुख्य कारण जमाओं की लागत में वृद्धि के फलस्वरूप ब्याज व्यय में 22.12% वृद्धि है. परिचालनगत व्यय में 10.40% की वृद्धि हुई. इसमें भा.बैं. सं. के साथ वार्तालाप के अंतर्गत संभावित उद्योग स्तरीय वेतन संशोधन के लिए रु.70 करोड का तदर्थ प्रावधान भी शामिल है.

24.3 लाभप्रदता विश्लेषण

गत वर्ष के दौरान बैंक की निवल ब्याजगत आय रु.1064.43 करोड की तुलना में रु.1100.03 करोड हो गई अर्थात् इसमें 3.34% की वृद्धि हुई.

अन्य आय 2008-09 के रु.430.12 करोड से बढकर 2009-10 में रु.588.63. करोड हो गई जोकि 158.51 करोड की वृद्धि दर्शाती है.

वर्ष के दौरान बैंक ने बट्टे खाते लिखे गए अग्रिमों में वसूलियों पर जोर देना जारी रखा जिसके फलस्वरूप इसमें रु.125.54 करोड की वसूली हुई. पिछले वर्ष के दौरान इन अग्रिमों में वसूली रु.100.24. करोड थी.

The sale of third party products also enables the Bank to boost its non-interest income. The total income from sale of insurance and mutual fund products in the year 2009-10 was Rs.9.82 crores.

23. Depository Participant Services

The Bank has been providing Depository Services to its customers from Capital Market Branch and two collection centers at Juhu Vile Parle Branch and Mulund East Branch. Bank now plans to extend this services to various centres from identified Branches.

24. Income and Expenses

24.1 Income

Total income of the Bank for the year has increased by Rs. 721.37 crores. (18.60%) and stood at Rs. 4598.99 crores as compared to an Income of Rs. 3877.62 crores earned during the previous year.

Interest income of the Bank has increased by 16.33% to record a level of Rs. 4010.36 crores while other income increased by 36.85% from Rs. 430.12 crores to Rs. 588.63 crores.

Growth in interest income of the Bank was achieved mainly due to an increase in the interest income from advances i.e. by 17.28%, despite continued pressure for lending at sub-PLR rates from corporate sector. The achievement could be attributed to the strategies adopted by the Bank by concentrating on high yielding credit viz. SME, Retail & Agriculture, etc. and re-pricing of bulk corporate loans. Interest income from investments showed an increase of 15.91% during the year inspite of adverse market conditions.

Non-Interest Income has increased by Rs. 158.51 crores (36.85%) from Rs. 430.12 crores as of March 09 to Rs. 588.63 crores as of March 2010.

24.2 Expenses

Total expenses has registered an increase of 19.27% over the previous year. This was mainly on account of increase of 22.12% in interest expenses due to increase in cost of deposits. Operating expenses showed an increase of 10.40%. This includes adhoc provision of Rs. 70.00 crores on account of anticipated industry level wage revision under negotiation with IBA.

24.3 Profitability Analysis

Bank's net interest income (NII) has increased substantially by 3.34% and stood at Rs. 1100.03 crores as compared to Rs. 1064.43 crores posted during the previous year.

Other Income increased from Rs. 430.12 crores of 2008-09 to Rs. 588.63 crores of 2009-10 showing an increase of Rs. 158.51 crores.

The Bank has continued to give thrust on recoveries in written off advances during the year, which resulted in recovery of Rs. 125.54 crores under this segment. During the previous year, the recovery under this segment was Rs. 100.24 crores.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

24.4 परिचालनगत लाभ

पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त किए गए रु.726.36 करोड की तुलना में बैंक के इस वर्ष का परिचालनगत लाभ 15.72% बढकर रु.840.58. करोड हो गया. यह लाभ वृद्धि भारतीय बैंक संघ के साथ वार्तालाप के अंतर्गत संभावित उद्योग स्तर वेतन संशोधन के कारण रु.70 करोड के तदर्थ प्रावधान किये जाने के बाद हुआ है.

24.5 निवल लाभ

ब्याज लागत को कम करने पर बैंक का ध्यान केंद्रित होने के साथ, बट्टे खाते डाले गए खातों में वसूली पर अत्यधिक बल तथा उच्च प्रतिफल वाले अग्रिमों के अवसरों पर ध्यान देने के कारण बैंक वर्ष के दौरान निवल लाभ में 20.96% की वृद्धि दर्ज करने में सफल रहा. बैंक का निवल लाभ पिछले वर्ष के रु.422.66 करोड की तुलना में रु.511.25 करोड हुआ.

आय, व्यय तथा प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं की पिछले वर्ष से तुलनात्मक स्थिति नीचे दी गई है:

24.4 Operating Profit

Operating profit of the Bank has registered an increase of 15.72% and stood at Rs. 840.58 crores. as compared to Rs. 726.36 crores posted during the previous year. This growth is after providing for adhoc provision of Rs. 70.00 crores on account of anticipated industry level wage revision under negotiation with IBA.

24.5 Net Profit

With the Bank's focus on containing interest costs, looking for opportunities of high yielding advances and a major thrust on recovery in written off accounts, the Bank has successful in posting 20.96% rise in Net Profit during the year. The Net Profit of the Bank stood at Rs. 511.25 crores. as against Rs. 422.66 crores posted during the previous year.

A comparison of income, expenses and provisions & contingencies with the previous year is given hereunder:

(रु. करोड में Rs. in crores)

विवरण Particulars	वि.व.FY08-09	वि.व.FY09-10
ब्याज आय Interest Income	3447.50	**4010.36**
गैर ब्याज आय Non-Interest Income	430.12	**588.63**
कुल आय Total Income	3877.62	**4598.99**
ब्याज व्यय Interest Expenses	2383.07	**2910.33**
परिचालनगत व्यय Operating Expenses	768.19	**848.08**
कुल व्यय Total Expenses	3151.26	**3758.41**
परिचालनगत लाभ Operating Profit	726.36	**840.58**
प्रावधान एवं आकस्मिकताएं Provisions and Contingencies	303.70	**329.33**
निवल लाभ Net Profit	422.66	**511.25**

25. विपणन पहल:

वर्ष 2009-10 के दौरान प्रेस, इलेक्ट्रॉनिक एवं आउटडोर मीडिया के माध्यम से हमारे बैंक के विभिन्न उत्पादों एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार किया गया.

2009-10 की अंतिम तिमाही के दौरान **"देना है तो भरोसा है"** नारे के साथ बड़ा अभियान शुरू किया गया. इस विषय के साथ बैंक के विज्ञापन लोकप्रिय टीवी चेनलों एवं रेडियो स्टेशनों पर दिखाये गये. प्रिंट मीडिया में बैंक के विज्ञापन प्रमुख प्रकाशनों के मुख पृष्ठ पर प्रकाशित किये गये. इसी विषय को ऑनलाइन विज्ञापन एवं आउटडोर मीडिया में भी दिया गया.

टीयर I शहरों में विज्ञापन स्तर को कायम रखने के अलावा, टीयर II एवं टीयर III शहरों में होर्डिंग एवं ग्लोसाइन पर विज्ञापन के माध्यम से बैंक का प्रचार किया गया.

बैंक ने अन्य नवोन्मेष माध्यमों जैसे कि ईजी केबों पर ब्रांडिंग, मुंबई में पश्चिम एवं सेंट्रल लाइनों पर पूरी लोकल ट्रेन पर पेंटिंग आदि का भी उपयोग किया. रेल्वे टिकटों आदि पर ब्रांडिंग किया गया. सभी क्षेत्रों से इन पहलुओं की सराहना की गई और बैंक किफायती तरीके से बेहतरीन रूप में लाभान्वित हुआ.

25. Marketing Initiatives

During the year 2009-10, a wide publicity was given to different products and schemes of our Bank through press, electronic and outdoor media.

A major campaign was launched in the last quarter of 2009-10 with the tagline **"Dena Hai to Bharosa Hai"**. Bank's Advertisements with the theme were shown on popular TV Channels & Radio Stations. In Print Media Bank's Advertisements appeared on the Front pages of the major publications. The same theme was extended to the Online Advertising and Outdoor Media.

Bank's visibility was increased in Tier II & Tier III cities through advertising on Hoardings and Glowsigns in these cities besides maintaining the level in Tier I Cities.

The Bank has also utlised other innovative mediums such as Branding on Ezee Cabs, Painting the entire Local Train on the Western and Central lines in Mumbai. Branding on Railway tickets etc. These initiatives received high appreciation from all the corners and the Bank was able to extract good mileage in a very cost effective manner.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

नयी शाखाएं खुलने के बारे में भी समाचारपत्र विज्ञापन, होर्डिंग तथा पर्ची वितरण के माध्यम से व्यापक प्रचार किया गया.

26. जोखिम प्रबंधन

26.1 बैंक ने संरचनाबद्ध जोखिम प्रबंधन प्रणाली और प्रभावी ढांचा स्थापित किया है, जिस पर समेकित जोखिम प्रबंधन की निदेशक समिति द्वारा निगरानी रखी जाती है. आस्ति देयता (आल्को), साख जोखिम प्रबंधन (सीआरएमसी) एवं परिचालनगत जोखिम प्रबंधन (ओआरएमसी) पर प्रबंधन स्तरीय समितियां केंद्रीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली के मुख्य अंग हैं. बैंक ने परिचालनगत जोखिम घटकों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सभी नियंत्रक कार्यालयों में जोखिम प्रबंधकों की भी पहचान की है और उनके लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की है.

26.2 बैंक ने बासेल-II मानदंडों के अनुरूप एवं ऋण और बाजार जोखिमों को प्रभावकारी तरीके से व्यवस्थित करने की दृष्टि से जोखिम संबंधित अपनी नीतियों को आशोधित और अद्यतन किया है. बैंक की सभी संकटकालीन प्रक्रियाओं हेतु कारोबारी निरंतरता योजनाएं बनाई गई हैं. बैंक ने अपने कोर बैंकिंग परिचालनों के लिए परिचालनगत आपदा प्रबंधन केंद्र भी स्थापित किया है और वर्ष के दौरान उसका उपयोग भी किया है.

26.3 बैंक के मिड ऑफिस को मजबूत किया गया है और बाजार जोखिम की प्रभावी निगरानी करने के लिए इसके क्रियाकलाप अधिक व्यापक आधार पर बनाए गए हैं. बैंक के निदेशक मंडल ने वर्ष के दौरान नये आंतरिक साख रेटिंग मॉडल का अनुमोदन किया है जिनको अगले वित्त वर्ष से लागू किया जाएगा. उधारकर्ताओं के ऋण मूल्यांकन की जांच के लिए एक प्रणाली आरंभ की गई और आस्ति गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने हेतु ऋण निगरानी प्रणाली को और अधिक सरल व कारगर बनाया गया है.

26.4 बैंक के ऐसे बड़े उधारकर्ताओं, जिनकी रेटिंग नहीं हुई है, की रेटिंग कराने में उन्हें सुविधा देने के लिए, बैंक ने देश की बड़ी बाह्य साख रेटिंग एजेंसियों (केयर, क्रिसिल, फिच एवं आईसीआरए) के साथ समझौता करार किया है. ये समझौते उधारकर्ताओं पर विशेषकर लघु मध्यम उद्यम क्षेत्र वाले उधारकर्ताओं पर लगनेवाले रेटिंग शुल्क में रियायत देते हैं. बैंक ने नियामक के दिशा निर्देशों के अनुसार, बैंक की समेकित जोखिम रूपरेखा तैयार करने की प्रणाली को जारी रखा है जिससे समन्वित जोखिम प्रबंधन करने में सुविधा होगी.

27. मानव संसाधन प्रबंधन

27.1 मानव मूल्यों का वर्धन एवं विकास

देना बैंक में मानव संसाधन विकास का मुख्य कार्य है कि कार्य निष्पादन में सुधार में सहायता करना जो न केवल परिचालनगत दक्षता के कुछ वित्तीय सूचकांकों द्वारा नापा जाता है, बल्कि प्रदत्त वित्तीय सेवाओं की गुणवत्ता के अनुसार भी नापा जाता है. बैंक की प्रतिस्पर्धात्मकता को निर्धारित करने में उसके कर्मियों का निपुणता स्तर, व्यवहार एवं ज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. बैंक की चिंता का प्रधान विषय यह है कि कारोबार रणनीतियों के साथ मानव संसाधन प्रबंधन रणनीतियों का समुचित समन्वय हो. यह इस बात पर जोर देती है कि टीम कार्य को विकसित करना तथा अपनी मानव पूंजी की दक्षता को सुधारने हेतु प्रतिबद्धता सृजन करना. देना बैंक यह मानता है कि परिचालनगत निपुणता के अलावा, काउंटर पर ग्राहकों की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को

A wide publicity was also given to the opening of new branches, through News Paper Ads, Hoardings, and Leaflet distribution.

26. Risk Management

26.1 The Bank has put in place structured risk management systems and architecture that is overseen by a Committee of Directors on Integrated Risk Management. Management level Committees on Asset Liability (ALCO), Credit Risk Management (CRMC) and Operational Risk Management (ORMC) constitute the core level of focused risk management architecture. The Bank has also identified Risk Managers at all controlling offices to focus on operational risk factors and arranged for their training.

26.2 The Bank revised and updated its risk related Policies in line with the Basel II norms, changes in operating environment and with a view to manage credit and market risks in an effective manner. Business Continuity Plans have been formulated for all critical processes of the Bank. The Bank has also set up and operationalised Disaster Recovery Centre for its Core Banking Operations and also made use of the same during the year.

26.3 Mid-Office of the Bank was strengthened and its functions were made broad based further for an effective monitoring market risk. The Bank's Board has approved new Internal Credit Rating Models during the year, which are made effective from the next financial year. A system of verification of the credit rating of borrowers was also introduced and credit monitoring system was further streamlined for focused attention on improvement in asset quality.

26.4 The Bank has entered into Memorandum of Understandings with the four major external credit rating agencies of the country (CARE, CRISIL, FITCH & ICRA) for facilitating the Bank's large unrated borrowers to get themselves rated. These MOUs provide for concessions in rating fees to be charged to the Bank's borrowers, particularly for SME sector. The Bank continued with the system of comprehensive risk profiling of the Bank in line with regulatory guidelines that will facilitate integrated risk management.

27. Human Resource Management

27.1 Adding and Developing Human Values

The core function of HRD practices in Dena Bank is to facilitate performance improvement, measured not only in terms of certain financial indicators of operational efficiency but also in terms of quality of financial services provided. The skill level, attitude and knowledge of the personnel play an important role in determining the competitiveness of a bank. The primary concern of the bank is to bring in proper integration of human resource management strategies with the business strategies. It emphasis faster cohesive team work and create commitment to improve the efficiency of its human capital. Apart from operational skills Dena Bank believes behavioral changes through imparting `soft skills' training to attend the needs and requirement of the customers at the counter.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

पूरा करने हेतु "व्यवहारगत निपुणता" के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करना भी आवश्यक है. बैंक ने निरंतर शिक्षा का अवसर देते हुए अपने कर्मचारियों के कौशल में वृद्धि व निखार लाने पर ध्यान केंद्रित किया.

वर्ष के दौरान, बैंक ने साख, ग्रामीण बैंकिंग, जोखिम प्रबंधन, खजाना, रिटेल बैंकिंग, सूचना तकनीकी, विपणन, प्रबंधन विकास, ग्राहक अभिमुखीकरण आदि विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया है. बैंक ने अपने ऋणों को बढाने हेतु अधिकारियों को 2 महीनों का गहन साख प्रशिक्षण प्रदान करना भी शुरू किया है जिसमें इस क्षेत्र में 133 अधिकारियों को विशेष निपुणता प्रदान की गई.

बैंक अपने अधिकारियों एवं कार्यपालकों को विशिष्ट प्रशिक्षण, निपुणता विकास प्रदान करने की दृष्टि से भारत और विदेशों में सुस्थापित प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थानों के बाहरी प्रशिक्षण संसाधनों की विशेषज्ञता का भी उपयोग करता है. वर्ष के दौरान 177 कार्यपालकों / अधिकारियों को विभिन्न कार्यात्मक, प्रबंधनात्मक, व्यवहारिक क्षेत्रों एवं नेतृत्व के माध्यम से रूपांतरण में बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिनियुक्त किया गया. वर्ष के दौरान 12 अधिकारियों को विदेश में प्रशिक्षण/ सम्मेलन में नामित किया गया.

काउंटर पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण: बैंक ने काउंटर पर कार्यरत कर्मचारियों को ग्राहक की आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति सचेत करने एवं उनके व्यवहार को अधिक ग्राहकोन्मुख बनाने की प्रक्रिया को पहचाना है. बैंक ने "SMILE" नाम से कार्यक्रमों का विकास किया है और प्रयोग के आधार पर उनका कोलकाता एवं उत्तर भारत में आयोजन किया है. इस कार्यक्रम को अन्य केंद्रों में भी आयोजित करने की योजना है. प्रशिक्षुओं की पहचान की गई है और वे प्रशिक्षण के बाद कार्यक्रम आयोजित करेंगे. अधिक से अधिक कर्मचारियों को शामिल करने हेतु इसे बाहरी एजेंसी को भी सौंपा जा सकता है. अब तक इस कार्यक्रम में लगभग 150 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया.

27.2 स्टाफ की संख्या

बैंक की स्टाफ की संख्या 31 मार्च, 2009 की 9883 से बढकर वित्त वर्ष 2009-10 के अंत तक 10525 हो गयी जिसमें 2132 महिला कर्मचारी शामिल हैं. इस कुल संख्या में 4218 अधिकारी, 4171 लिपिक और 2136 अधीनस्थ कर्मचारी शामिल हैं. बैंक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के कर्मचारियों की संख्या निर्धारित स्तर के अनुरूप थी.

बैंक के सभी कार्य सीबीएस में परिवर्तित होने को ध्यान में रखते हुए, बैंक द्वारा कारोबार प्रक्रिया पुन: निर्धारण के माध्यम से कर्मचारी यौक्तिकीकरण प्रक्रिया की जा रही है. यह लक्षित कारोबार वृद्धि हेतु मानव संसाधन आवश्यकता को बेहतरीन युक्ति संगत रूप में निर्धारित करने में सहायक होगा.

भर्ती

पिछले वर्ष के दौरान हमारे बैंक में विभिन्न वेतनमान एवं क्षेत्रों में 103 अधिकारी नियुक्त किये गये.

बैंक ने लिपिकीय संवर्ग में भर्ती परियोजना का कार्य पूरा किया और 31.03.2010 तक 1064 लिपिकों ने बैंक में सेवा स्वीकार की.

बैंक ने कनिष्ठ एवं मध्यम प्रबंधन वेतनमानों में विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञ संवर्ग के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है.

Bank has continuously focused on enhancement and sharpening of the skills of its employees by providing continuous learning opportunities.

During the year, the Bank has provided training in various thrust areas like Credit, Rural Banking, Risk Management, Treasury, Retail Banking, Information Technology, Marketing, Management development, customer orientation etc. In order to enhance its lending base, the Bank has also started imparting intensive credit training of 02-months duration to officers in which 133 officers were specially groomed in this area.

The Bank also utilizes expertisation of external training resources from reputed management and training institutes in India and abroad, with a view to providing specialized training, skill development to its officers and executives. During the year 177 executives/ Officers were deputed for external training programme in different functional, managerial, behavioural areas and leadership, enroute to transformation. 12-officers were deputed for abroad training/ conference during the year.

Training for Frontline staff: Bank has identified the process of sensitizing the frontline staff to cater to the needs of customer as well to orient them to be more customers centric in their approach. Bank has developed programmes named as “SMILE” and conducted on pilot basis at Kolkatta and North India. The programme is planned to rolled over in other centers. Trainees identified, trained will be conducting the programme. It may also be outsourced so that maximum employees can be covered. So far about 150 employees have undergone the programme.

27.2 Staff Strength

The staff strength of the Bank increased from 9883 as on 31st March, 2009 to 10525 at the end of the FY 09-10, including 2132 women employees. The total strength comprises of 4218 Officers, 4171 Clerks and 2136 Subordinate staff. The representation of Scheduled Caste, Scheduled Tribe employees in the Bank is in conformity with the prescribed level.

Keeping in mind the rolling over of all functions to CBS, the staff-rationalization exercise is being carried out by the Bank through Business Process Re-engineering. This will help in assessment of manpower requirement for targeted business growth in a more rational way.

Recruitment

During last year 103 Officers joined the services of our Bank in various scales and disciplines.

Bank has completed the recruitment project for clerical cadre and as on 31.03.2010, 1064 clerks joined the service of our Bank.

Bank has also initiated recruitment project for specialized cadres in various disciplines in Junior and Middle management scales.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

27.3 वर्ष 2009-10 के दौरान अजा / अजजा / अन्य पिछडे वर्ग के कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण पद्धति

अजा/ अजजा कर्मचारियों/ संघों से प्राप्त शिकायतों को निपटाने हेतु प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर अजा/ अजजा कक्ष स्थापित किये गये. अजा/ अजजा कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए प्र.का./ क्षे.का. स्तरों पर तिमाही बैठकें भी आयोजित की गईं.

बैंक ने अ जा / अ ज जा कर्मचारियों के हितों की देखरेख करने हेतु प्रधान कार्यालय में मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में महाप्रबंधक के संवर्ग के कार्यपालक को नामित किया है. इसके अलावा, क्षेत्रीय प्रबंधकों (जो क्षेत्रों के प्रमुख हैं) को संबंधित क्षेत्रों के संपर्क अधिकारियों के रूप में नामित किया गया है.

मुख्य संपर्क अधिकारी कार्यालयों / शाखाओं का दौरा भी करते हैं और प्रतिनिधियों से बातचीत करते हैं, उनकी समस्याओं को सुनते हैं एवं उनकी शिकायतों / समस्याओं के समाधान के लिए समुचित कार्रवाई करते हैं.

बैंक ने प्रधान कार्यालय में अ जा / अ ज जा कक्ष स्थापित किया है जिसके प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधक (वेतनमान III) और प्रबंधक उनके सहायक हैं. दोनों आरक्षित वर्ग से हैं. बैंक ने 21 क्षेत्रीय कार्यालयों में अ जा / अ ज जा कक्ष स्थापित किये हैं.

31.3.2010 को अ जा एवं अ ज जा का कुल प्रतिनिधित्व क्रमश: 20.51% एवं 11.73% रहा. बैंक अ जा / अ ज जा उम्मीदवारों को 10 दिन के लिए 6 दिन के लिए भर्ती पूर्व प्रशिक्षण एवं 10 दिन के लिए पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण दे रहा है ताकि भर्ती / पदोन्नति परीक्षा / साक्षात्कार में बेहतरीन रूप में निष्पादन कर सकें.

बैंक सीधी भर्ती एवं पदोन्नति में वर्तमान दिशानिर्देशानुसार आरक्षण नीति कार्यान्वित कर रहा है. बैंक अ जा / अ ज जा उम्मीदवारों को सरकारी दिशानिर्देशानुसार छूट / रियायतें भी दे रहा है. अन्य पिछडे वर्ग के उम्मीदवारों को भी सरकारी दिशानिर्देशानुसार छूट दी जा रही है.

समस्याओं / शिकायतों के समाधान के लिए प्रधान कार्यालय में दिनांक 17.7.2009 (मार्च तिमाही), 21.11.2009 (जून एवं सितंबर 2009 के लिए संयुक्त रूप से) तथा 22.02.2010 (दिसंबर 2009) को अखिल भारतीय देना बैंक अजा/अजजा/अपिव कर्मचारी महासंघ के साथ तिमाही बैठकें आयोजित हुईं. सभी 21 क्षेत्रों में भी संबंधित स्थानीय यूनिटों के साथ तिमाही बैठकें आयोजित की गयीं.

अजा/ अजजा/ अपिव कर्मचारी सदस्यों से संबंधित शिकायतों को प्रधान कार्यालय में रखे गये शिकायत रजिस्टर में रिकार्ड किया जाता है. शिकायतों की विधिवत् सुनवाई होती है और समुचित समय के अंदर उनका निपटान किया जाता है.

भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार, बैंक के पद आधारित रोस्टर रखे गये हैं जिनका आवधिक निरीक्षण मुख्य संपर्क अधिकारी करते हैं.

2009-10 के दौरान, डॉ. बूटा सिंह, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, नई दिल्ली और उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने प्रधान कार्यालय का दौरा किया. माननीय अध्यक्ष ने अखिल भारतीय देना बैंक अजा/ अजजा/ अपिव

27.3 Grievances Redressal Mechanism For SC/ ST/ OBC Employees – Activities during the year 2009-10

SC/ ST Cell is set up at Head Office and Regional Office level to attend to the complaints received from SC/ST employees/ Associations. The quarterly meetings are also conducted at HO/ RO levels to redress the grievances of SC/ST employees.

The Bank has appointed a Chief Liaison Officer at Head Office of the rank of General Manager to look after the interest of SC/ ST employees. Besides, the Regional Managers (who head the Regions) have been appointed as Liaison Officers of the respective Regions.

The Chief Liaison Officer also visits to the Offices/branches and interacts with the representatives, listen to their problems and take suitable action for redressing their grievances/problems.

The Bank has set up SC/ST Cell at Head Office headed by Senior Manager (Scale III) and assisted by a Manager. Both are from reserved category. The Bank has also set up SC/ST Cells at 21 Regional Offices.

Overall representation of SCs & STs as of 31-03-2010 are 20.51% & 11.73% respectively. Bank is imparting Pre-recruitment training for 6 days and Pre-promotion training for 10 days to the SC/ ST candidates to enable them to perform better in recruitment/ promotion test/interview.

Bank is implementing Reservation Policy in Direct Recruitment and promotion as per extant guidelines. The Bank is also granting relaxation/concessions to SC/ST candidates as per Government Guidelines. OBC candidates are also granted relaxation as per Government Guidelines.

The quarterly meetings with All India Dena Bank SC/ ST/ OBC Employees Federation were held on 17.07.2009 (March quarter), 21.11.2009 (June and September, 2009 jointly) and 22.02.2010 (December 2009) at Head Office to address the problems/ grievances. Quarterly meetings are also conducted at all 21 Regions with their respective local unit.

Complaints related to SC/ ST/ OBC staff members are recorded in a Complaint Register maintained at Head Office. Due cognizance is taken of the complaints and same are disposed off within a reasonable time.

Post based Rosters of the Bank, as per Government of India guidelines, are maintained which are inspected by Chief Liaison Officers periodically.

During 2009-2010, Hon'ble Chairman, Dr. Buta Singh, National Commission for Scheduled Castes, New Delhi, along with Vice Chairman & Member visited our Head Office. Hon'ble Chairman

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

कर्मचारी महासंघ और हमारे प्रबंधन के साथ बैठक की. इसी वर्ष के दौरान, रोस्टरों की गहरी जांच करने एवं आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए श्री एम. शिवकुमार, निदेशक, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, महाराष्ट्र एवं गोवा राज्य तथा श्री एल. के. मीना, उप सचिव एवं मुख्य संपर्क अधिकारी, श्री एम. साहु, अवर सचिव, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग की अध्यक्षता में अधिकारियों की टीम ने हमारे प्रधान कार्यालय का दौरा किया. तीनों एजेंसियों ने रोस्टरों के रखरखाव तथा आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के प्रति अपना संतोष व्यक्त किया. मंत्रालय के अधिकारियों ने 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के रोस्टरों की भी जांच की और उन्हें सही पाया.

conducted meeting with All India Dena Bank SC/ ST/ OBC Employees' Federation as well as our Management. During the same year, Shri M. Sivakumar, Director, National Commission for Scheduled Caste, State Maharashtra & Goa and a team of officials headed by Shri L. K. Meena, Dy. Secretary & Chief Liaison Officer along with Shri M. Sahu, Under Secretary from Ministry of Finance, Department of Financial Services also visited our Head office for in depth verification of rosters and Implementation of Reservation Policy. All the three agencies expressed their satisfaction over maintenance of rosters and implementation of reservation policy. Ministry officials also verified rosters of 2 RRBs and found the same in order.

27.5 औद्योगिक संबंध

औद्योगिक संबंध पहल के भाग के रूप में शाखाओं के बीच प्रतिस्पर्धा लाने तथा कर्मचारियों के मनोबल को बढाने हेतु कार्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति से संबद्ध प्रोत्साहन योजना लागू है. वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण रहे.

27.5 Industrial Relations

As part of the Industrial Relation initiative an incentive scheme linked to achievement of corporate goals is in place with a view to creating competition amongst the branches and boost the morale of the employees. The Industrial Relations during the year was cordial.

27.6 पदोन्नति के अवसर

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान योग्य प्रत्याशितों को पदोन्नति अवसर प्रदान करने एवं कर्मचारियों के मनोबल को बढाने हेतु सभी स्तरों अर्थात् अधिकारी, लिपिकीय एवं अधीनस्थ कर्मचारी संवर्ग में 343 कर्मचारी सदस्य पदोन्नत हुए.

27.6 Career Progression

During the year under review 343 staff members in all levels i.e. Officers, Clerical and Sub staff cadre were promoted to shape the career progression of deserving aspirants as well to boost their morale.

27.7 कर्मचारी कल्याण योजनाएं

बैंक में कर्मचारियों के लिए बेहतरीन कल्याण योजना लागू है. योजना का विस्तृत दायरा निम्नप्रकार है:

कर्मचारियों के बच्चों को योग्यता छात्रवृत्ति एवं खेलकूद छात्रवृत्ति. स्थायी अंशकालिक कर्मचारियों द्वारा उनके बच्चों के लिए किये गये शैक्षणिक व्यय का भुगतान.

पात्रता सीमाओं से अधिक चिकित्सा व्यय का भुगतान, दांतों की सर्जरी, 40-45 वर्ष की आयुवाले सभी कर्मचारियों एवं उनके पति / पत्नी के लिए स्वास्थ्य जांच योजना.

ऐसे कर्मचारियों के वैध वारिसों को सहायता प्रदान करना, जिनका सेवाकाल के दौरान निधन होता है (रु. एक लाख) या सेवा काल के दौरान स्थायीरुप में संपूर्ण शारीरिक रूप से असमर्थ हो जाते हैं एवं चिकित्सीय आधार पर स्वेच्छा से सेवा निवृत्त होते हैं.

27.7 Staff Welfare Schemes

A well defined welfare scheme for employees is in operation in the Bank. The broad coverage of the scheme are as under:

Merit scholarship and Sports scholarship to the children of the employees. Payment towards educational expenses incurred by permanent part time employees for their children.

Payment of medical expenses over and above eligibility limits, including dental surgery, Health check up scheme for all employees and their spouse who are above 40-45 years of age.

Assistance to legal heirs of employees, who die in harness (Rs. One lac) or in case of permanent total physical incapacity, while in service and has to voluntarily retire on medical ground.

27.8 कर्मचारी प्रोत्साहन योजना

शाखाओं/ क्षेत्रीय कार्यालयों/ प्र.का. के कर्मचारी सदस्यों को नकद प्रोत्साहन द्वारा मान्यता प्रदान करने एवं पुरस्कृत करने की कर्मचारी प्रोत्साहन योजना तैयार की गयी है. योजना के अंतर्गत बेहतरीन कार्य निष्पादन करनेवाली शाखाएं, क्षेत्र एवं प्रधान कार्यालय के विभाग शामिल हैं. सबसे बेहतर कार्यनिष्पादन वाली उच्च 3 शाखाओं, क्षेत्रों एवं प्रधान कार्यालय के विभागों के कर्मचारी सदस्य प्रोत्साहन के लिए पात्र हैं.

27.8 Staff Incentive Scheme

Staff incentive scheme is formulated to recognize and reward the staff members of branches/ Regional offices/ H.O by way Cash incentive. All best performing Branches, Regions and departments of H.O are covered under scheme. Staff members of top 3-best performing branches, regions and departments of H.O are eligible for incentive.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

28. सूचना तकनीकी पहल

28.1 कोर बैंकिंग समाधान (सी बी एस) - 'देना गरिमा'

ग्राहक संतुष्टि और कारोबार वृद्धि को बढाने की दृष्टि से बैंक ने तकनीक के माध्यम से रूपांतरण की प्रक्रिया शुरू की. बैंक के कोर बैंकिंग परिचालन के लिए, बैंक ने आद्योपांत समाधान हेतु सूचना तकनीक समर्थित सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी सेवा प्रदाता मे. विप्रो की सेवाएं ली हैं. इसे मेसर्स इन्फोसिस प्रौद्योगिकी लि. से फिनैकल सॉफ्टवेयर का सहयोग प्राप्त है. कोर बैंकिंग प्रणाली में समेकित खजाना प्रणाली के सॉफ्टवेयर के अलावा, ग्राहकोनुकूल सेवाओं का पुलिन्दा है जैसे कि इंटरनेट बैंकिंग, फोन बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग और नकदी प्रबंधन सेवाएं आदि उपलब्ध हैं. मुख्यत: विनियामक सरोकारों की ओर उन्मुख रहने की दृष्टि से कोर बैंकिंग के साथ अनेक संख्या में तृतीय पक्ष सॉफ्टवेयर समाधान समेकित किए जा रहे हैं.

इस परियोजना का शुभारंभ मुंबई में दिनांक 12 मार्च, 2007 को माहिम शाखा में विद्यमान परिचालन का रूपांतरण करके किया गया.

मार्च 2010 तक बैंक का पूरा कारोबार सीबीएस के अंतर्गत लाया गया है. इसमें 776 केंद्र और 28 राज्य/संघ शासित क्षेत्र शामिल हैं. बैंक अपनी अनुषंगी शाखाओं में कनेक्टिविटी प्रदान करने की प्रक्रिया में है जो जल्दी ही पूरी होनेवाली है और इससे दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित ग्राहक भी बैंक के साथ लेनदेन करने का लाभ उठा पाएंगे.

अन्य सूचना तकनीकी पहल

28.2 नेटवर्किंग

तकनीकी के माध्यम से परिवर्तन की ओर बैंक के अभियान में संचार बुनियादी सुविधाओं के महत्व को पहचानते हुए बैंक ने देना नेट - विभिन्न कनेक्टिविटी मीडिया का प्रयोग करते हुए, उससे विस्तृत क्षेत्र नेटवर्क के माध्यम से अपनी सभी शाखाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों को जोडा है. 99% से अधिक अप टाइम सुनिश्चित करने हेतु 24X7 के आधार पर नेटवर्किंग निगरानी टीम द्वारा देना नेट की निरंतर निगरानी रखी जा रही है.

28.3 एटीएम संस्थापन

अत्यंत लोकप्रिय एवं सहज डिलीवरी चैनल के माध्यम के रूप में एटीएमों की शुरूआत करने के वैश्विक रुझान को जारी रखते हुए दिनांक 31 मार्च, 2010 तक देश भर में कुल 396 एटीएमों की स्थापना की गई है. इनमें से 295 एटीएम शाखा स्थल पर हैं जबकि 101 एटीएम शाखा से अलग स्थानों पर स्थित हैं. इसमें 260 केंद्र शामिल हैं. इनमें से 2 एटीएम बायोमेट्रिक हैं जो अशिक्षित ग्राहकों को उनके अंगूठे के निशान की सहायता से एटीएम का परिचालन करने की सुविधा देते हैं. बायोमेट्रिक एटीएम अपने अनुदेश ग्राहकों को बोलकर सुनाते भी हैं.

बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक तथा कैश ट्री, वीसा, कैशनेट एवं एनएफएस के साथ एटीएमों की भागीदारी व्यवस्था की है. यह गठजोड बैंक के ग्राहकों को भारत में 60000 से अधिक एटीएम एक्सेस केंद्रों और 470 लाख से अधिक व्यापार संस्थानों (एम ई) तथा विदेशों में 1 मिलियन से अधिक एटीएमों और 26 मिलियन एमई पर लेनदेन करने की सुविधा प्रदान करती है. डेबिट/एटीएम कार्ड आधार लगभग 9.45 लाख हैं. बैंक एचएन1 ग्राहकों को वीसा गठजोड युक्त देना अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड डेबिट कार्ड भी प्रदान करता है. बैंक संशोधित भा.रि.बैं.

28. IT Initiatives

28.1 Core Banking Solution (CBS)-'DENA GARIMA'

The Bank has embarked upon a process of transformation through technology with a view to enhance customer satisfaction and to leverage business growth. It has engaged the services of M/s Wipro, a leading service provider in IT enabled services, for providing an end-to-end solution for Core Banking Operations of the Bank. It is backed by 'Finacle' software support from M/s Infosys Technologies Ltd. The Core Banking system bundles a host of customer friendly services like Internet Banking, Phone Banking, Mobile Banking and Cash Management Services etc. besides software system for Integrated Treasury operations. A number of third party software solutions are also being integrated mainly with a view to address Regulatory concerns.

The Project was kicked off with migration of existing operations at bank's Mahim Branch in Mumbai on 12th March 07.

As of March 2010, the entire business of the bank has been brought under CBS. This covers 776 centres and 28 states/union territories. The Bank is in the process of providing connectivity at its Satellite branches, which would also be completed shortly, and will enable customers in such remote areas to enjoy the benefit of the transacting with the Bank.

Other IT Initiatives

28.2 Networking

Recognizing the significance of communication infrastructures in the Bank's drive towards transformation through technology, the bank has connected all its branches and administrative offices through DENANET – its Wide Area Network using various connectivity media. "DENANET" is continuously being monitored on 24X7 basis by a Network Monitoring team for ensuring more than 99% up time.

28.3 ATM Installations

In keeping with the universal trend of introducing ATMs as the most popular and convenient mode of delivery channels, a total of 396 ATMs have been installed as on 31st March, 2010 all over the country. Out of these ATMs, 295 are Onsite and 101 are Offsite, covering more than 260 centres. 2 of the ATMs are bio-metric to facilitate illiterate customers operating the ATM with thumb impression. The bio-metric ATMs also speak out instructions to the customers.

The Bank has ATM sharing arrangement with SBI and through CASHTREE, VISA, CASHNET & NFS tie ups, enabling more than 60000 ATM access points and more then 4.70 lacs Merchant Establishments (MEs) in India and more than 1 million ATMs and 26 Million MEs abroad, to Bank's customers; Debit/ ATM Card base is around 9.45 lacs. The Bank also provides Dena International Gold Debit Card to HNI customers with Visa affiliation. Bank is charging fee from its customers for operation

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

दिशानिर्देशों के अनुसार गठजोड वाले बैंकों के एटीएमों में परिचालन के लिए, अपने ग्राहकों से शुल्क वसूल करता है.

बैंक में एटीएमों के माध्यम से कई मूल्य वर्धित सेवाएं अर्थात् मोबाइल प्रीपेड टॉपअप तथा पोस्ट पेड बिल भुगतान आदि उपलब्ध हैं. डेबिट कार्ड ग्राहक भी इंटरनेट पर डेबिट कार्ड के प्रयोग से वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के लिए ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं.

28.4 नेटवर्क आधारित सेवाएं तथा प्रयोजनीयता

ग्राहक संतुष्टि हेतु इस मूलभूत सुविधा को कई चैनलों का रूप देने एवं उनके सृजन से ब्याज दरों का दायरा बढाने की दृष्टि से हमने निम्नलिखित नेटवर्क आधारित उत्पाद व सेवाएं आरंभ की है:

- सीबीएस उपयोग
- अन्य उपयोग जैसे आस्ति देयता प्रबंधन / बेनामी लेन-देन की रोकथाम, ऑनलाइन तुलन पत्र आदि
- एटीएम / डेबिट कार्ड
- डाटा अंतरण एवं दूरवर्ती सहायता
- भा.रि.बैं. भुगतान प्रणालियों जैसे कि आरटीजीएस एवं एनईएफटी आदि
- कार्पोरेट ई मेल
- इंट्रानेट
- आई पी टेलीफोनी
- वीडियो कांफरेंसिंग
- इंटरनेट बैंकिंग

बैंक ने अपनी शाखाओं के ग्राहकों के लिए "देना आई कनेक्ट" - इंटरनेट बैंकिंग सेवा शुरू की है. इससे ग्राहक इंटरनेट के माध्यम से अपने खाते की सूचना प्राप्त कर सकते हैं, जैसे कि (क) खाते में शेष रकम की जानकारी, (ख) छोटी विवरणी (अंतिम 10 लेनदेन), (ग) खातों के विस्तृत विवरण, (घ) चेक बुक के बारे में पूछताछ, (ड़) चेक भुगतान रोको अनुरोध, (च) कर ई-भुगतान, (छ) बैंक के अंदर निधि अंतरण, (ज) जावक चेक के बारे में पूछताछ आदि. हमारे ग्राहकों के लिए देना आई- कनेक्ट के माध्यम से आरटीजीएस/एनईएफटी लेनदेन, ऑनलाइन ट्रेडिंग आदि अतिरिक्त सेवाएं शुरु होनेवाली हैं.

बैंक ने चेतावनी सुविधा शुरू की है जिसके माध्यम से कुछ घटनाएं घटने पर ग्राहकों को एसएमएस मिलता है. शुरूआत के रूप में यह सुविधा डेबिट कार्ड धारकों को उपलब्ध करायी गयी है. रु. 5000 या उससे अधिक राशि एटीएम के माध्यम से निकाले जाने पर और बिक्री केंद्रों पर किसी भी राशि के लेनदेन पर हमारे डेबिट कार्ड धारकों को तुरंत एसएमएस आता है.

28.5 बैंक की वेबसाइट

बैंक की अपनी वेबसाइट है जिसमें नेटीजन के अनुकूल विशेषताएं मौजूद हैं जैसे कि शाखा संकेतक, कैलकुलेटर, दोहरी क्लिक नेवीगेशन प्रणाली इत्यादि. वेबमास्टर निरंतर आधार पर वेबसाइट को अद्यतन एवं गतिशील बनाए रखता है.

at ATMs owned by affiliate banks as per the revised RBI guidelines.

The Bank has number of value added services through the ATMs viz. Mobile Pre-paid Top-ups and Post Paid Bill Payment etc. Debit Card customers can also make online payment for purchases of goods and services using Debit cards on Internet.

28.4 Network based Services & Applications

With a view to channelise this infrastructure for customer satisfaction and maximize the ROI made in creation thereof, we have introduced the following network based products and services:

- CBS application
- Other applications viz ALM / AML, Online Balance sheet etc.
- ATM / Debit Cards
- Data Transfer & Remote Support
- RBI Payment systems like RTGS & NEFT etc.
- Corporate E-MAIL
- Intranet
- IP Telephony
- Video Conferencing
- Internet Banking

The Bank has launched “Dena i Connect” – the internet Banking Service for customers of its Branches. This enables the customers to access their account information through Internet in the form of (a) Balance inquiry (b) Mini statement (last 10 transactions) (c) Detailed Statement of Accounts (d) Cheque book inquiry (e) Cheque stop request (f) Tax e-payment. (g) Fund transfer within the Bank (i) Outward cheque inquiry etc. Additional services viz. RTGS/NEFT transaction, online trading etc are in the offing for our customers through Dena i Connect.

Bank has started Alert facility through which customers gets SMS on occurrence of certain events. To start with we have enabled this facility for Debit card holder. Our Debit card holders get SMS instantly on Cash Withdrawal through ATM of amount more than or equal to Rs.5000 and on any amount transacted on POS.

28.5 Bank’s Web site

Bank has its website with netizen friendly features like Branch Locators, Calculators, Two-click navigation system etc. The webmaster keeps the website updated and dynamic on an ongoing basis.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

संतुलित सूचना प्रौद्योगिकी मूलभूत सुविधाओं के साथ बैंक अधिकाधिक ग्राहक सुविधाएं देने की दिशा में तकनीक लाने हेतु आगे बढने के लिए पूरी तरह तैयार है.

29. ग्राहक सेवा

ग्राहक संतुष्टि में सुधार लाने के लिए बैंक ने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूर्ण करने हेतु सार्थक प्रयास किए. वर्ष के दौरान, बैंक ने इस लक्ष्य हेतु निम्नलिखित उपाय करना जारी रखा :

29.1 शाखाओं को आई एस ओ 9001:2000 प्रमाणन

वर्ष के दौरान 25 शाखाओं ने आईएसओ 9001:2000 प्रमाणन प्राप्त किया जिससे मार्च 10 को आईएसओ प्रमाणित शाखाओं की संख्या बढकर 362 हो गई.

29.2 ग्राहकों की शिकायतों का निवारण

ग्राहकों की शिकायतों का तुरंत निवारण करने को बैंक उच्च प्राथमिकता देता है. बैंक के ग्राहक सीधे पत्र, ई-मेल अथवा बैंक की वेबसाइट के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं तथा अपने प्रश्न/ पूछताछ/ शिकायत यदि कोई हो, तो कर सकते हैं. बैंक के टॉलमुक्त संख्या 1800-225740 के माध्यम से शिकायतों / सुझावों का पंजीकरण किया जा सकता है.

29.3 ग्राहक सेवा की कार्यविधि एवं कार्य निष्पादनलेखा परीक्षा के संबंध में स्थायी समिति

बैंक ने ग्राहक सेवा पर एक स्थायी समिति का गठन किया है जिसके प्रमुख अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं, उनके अलावा कार्यपालक निदेशक, महा प्रबंधक (संसाधन, आयोजना एवं प्रशासन, नोडल अधिकारी), महा प्रबंधक (सू.त. एवं स.जो.प्र.), महा प्रबंधक (विदेशी मुद्रा एवं खजाना), महा प्रबंधक (साख) समिति के सदस्य हैं, समिति में दो ग्राहक स्थायी सदस्य हैं एवं तिमाही बैठकों के लिए दो से तीन विशेष ग्राहक आमंत्रितों को बुलाया जाता है, वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान चार बैठकें आयोजित हुईं.

29.4 इसके अतिरिक्त बैंक ने उच्च स्तर पर भी निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति का गठन किया है, जो ग्राहक सेवा की गुणवत्ता बढाने एवं ग्राहक संतुष्टि के स्तर में सुधार के उपाय के संबंध में सलाह देती है, प्रत्येक शाखा मूल स्तर पर ग्राहकों की शिकायतों के निवारण के लिए महीने में ग्राहक बैठक का आयोजन करती है.

29.5 ग्राहकों हेतु बैंक की प्रतिबद्धता की आचार संहिता

सर्वोत्तम व्यवहार (कूट और मानक) को प्रतिबिंबित करने के न्यूनतम मानदंड के समक्ष बैंकों के कार्यनिष्पादन को आंकने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड की स्थापना की है. बैंक ने "ग्राहकों के लिए बैंकों की प्रतिबद्धताओं का कोड" अपनाया है तथा वह इसके अनुपालन हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है.

हमारा बैंक भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड का सदस्य है एवं बैंक की ओर से महाप्रबंधक के स्तर का एक शीर्ष कार्यपालक बैंक की ओर से "कोड अनुपालन अधिकारी" के रूप में नियुक्त किया गया है.

With robust IT infrastructure; the Bank is well poised to take the leap forward to drive technology towards affording greater customer convenience.

29. Customer Service

The Bank has concentrated on internalizing customer expectations and aspirations more intensely. During the year, the Bank has continued the various measures to improve customer satisfaction.

29.1 ISO 9001:2000 Certification of Branches

During the year, 25 branches has obtained ISO 9001:2000 certification, increasing the tally of ISO certified branches to 362 as of March 2010.

29.2 Redressal of Customer Grievances

The Bank is according top priority to resolve customers' complaints/ grievances expeditiously. The customers of the Bank can correspond directly, through letters, e-mails or through the web-site of the Bank and pose their queries/ grievances/ suggestions, if any. The complaints/suggestions can be registered through Toll Free Number 1800-225740 of the Bank.

29.3 Standing Committee on Procedures and Performance Audit of Customer Service

The Bank has constituted a Standing Committee on Customer Service which is headed by Chairman and Managing Director. Besides Executive Director, General Manager (Resource, Planning and Administration, Nodal Officer), General Manager (IT & IRM), General Manager (Forex & Treasury), General Manager (Credit) are the members of the Committee. The committee also has two customers as permanent members and two to three special customer invitees are called for the quarterly meetings. Four meetings were organized during the financial year 2009-10.

29.4 In addition to above, the Bank has formed Customer Service Committee of the Board at the apex level to advise measures for enhancing the quality of customer service and improving the level of customer satisfaction. Every Branch holds a customer meet in a month for redressal of customer complaint at the grass root level.

29.5 Code of Bank's Commitments to the Customers

RBI has constituted Banking Codes and Standards Board of India for measuring the performance of banks against a benchmark reflecting the Best Practices (Codes & Standards). The Bank has adopted "Code of Bank's Commitments to the Customers" and is fully committed to its adherence.

The Bank is a member of BCSBI and a top executive in the rank of General Manager is appointed as the "Code Compliance Officer" on behalf of the Bank.

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

30. शाखा नेटवर्क एवं विस्तार

30.1 शाखा नेटवर्क

वर्ष के दौरान बैंक ने देश के विभिन्न भागों में नयी सामान्य बैंकिंग शाखाओं के लिए 104 लाइसेंस एवं विशेषीकृत शाखाओं अर्थात् कार्पोरेट कारोबार शाखाओं के लिए 3 लाइसेंस प्राप्त किए. हमारी शाखाएं प्रमुखत: देश के पश्चिम भाग अर्थात् गुजरात एवं महाराष्ट्र में स्थित हैं. 2009-10 के दौरान बैंक ने ऐसे केंद्रों को शामिल किया है जहां उसकी उपस्थिति नगण्य एवं कम है. ये केंद्र प्रधान रूप से झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, मेघालय, तमिलनाडु, उडीसा, मध्य प्रदेश एवं उत्तराखंड हैं. कारोबार संभावना को ध्यान में रखते हुए बैंक ने बैंकिंग सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों एवं अल्पसंख्यक समुदाय बहुल जिलों की श्रेणी में आनेवाले क्षेत्रों / केंद्रों की पहचान की है.

वर्ष 2009-10 के दौरान, बैंक ने 39 नयी शाखाएं खोली हैं, उनमें से सिक्किम, असम, हरियाणा, उत्तराखंड, केरल एवं मध्यप्रदेश राज्यों में प्रत्येक में 1, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश में प्रत्येक में 2, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, आंध्र प्रदेश में प्रत्येक में 3, कर्नाटक एवं तमिलनाडु में प्रत्येक में 4, गुजरात एवं महाराष्ट्र में प्रत्येक में 6, इस प्रकार शाखाओं की कुल संख्या 1223 बनती है. बैंक ने अल्पसंख्यक समुदाय बहुल जिलों में नौ शाखाएं एवं बैंकिंग सेवाओं से वंचित जिलों में दस शाखाएं खोली हैं.

बैंक ने सुविस्तारित, स्वस्थ एवं अधिक प्रतिफल वाले रिटेल संविभाग का निर्माण करने, तथा जोखिम पहचान, जोखिम मापने, जोखिम निगरानी एवं जोखिम उपशमन आदि महत्वपूर्ण मदों के समाधान के लिए प्रभावी जोखिम प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने हेतु देश के विभिन्न भागों में 12 रिटेल आस्ति शाखाएं खोली हैं.

मुंबई एवं अहमदाबाद में बैंक की दो औद्योगिक वित्त शाखाएं हैं और मुंबई में कार्पोरेट कारोबार शाखा है. बडे कार्पोरेटों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बैंक ने वर्ष के दौरान चेन्नै, नई दिल्ली एवं कोलकाता में 3 कार्पोरेट कारोबार शाखाएं खोली हैं.

31 मार्च, 2010 को बैंक की शाखाओं का क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है:

30. Branch Network and Expansion

30.1 Branch Network

During the year Bank has received 104 licenses to open new General Banking and 3 licenses for Specialized branches i.e. Corporate Business Branches in various parts of the country. Our branches are mainly concentrated in Western part of the country i.e in Gujarat and Maharastra. During 2009-10, Bank has consciously included centres where Bank's presence was negligible and sparse. These centres are mainly in Jharkhand, Bihar, West Bengal, Sikkim, Meghalaya, Tamil Nadu, Orissa, Madhya Pradesh and Uttarakhand. Keeping in view the business potential. Bank has identified areas / centres, mostly falling in the category of under banked area as well as under Minority dominated districts.

During the year 2009-10, Bank has opened 39 new branches, 1 each in Sikkim, Assam, Haryana, Uttatrakhand, Kerala and Madhya Pradesh, 2 each in Rajasthan and Uttar Pradesh, 3 each in West Bengal, Delhi, Andhra Pradesh, 4 each in Karnataka, and Tamil Nadu, 6 each in Gujarat and Maharashtra, taking the tally of branches to 1223.The Bank has opened nine branches in the Minority concentrated districts and ten in under banked districts.

From 1st April, 2008 onwards, Bank has opened 12 Retail Asset Branches in various parts of the country to build up and maintain a well diversified, healthy and high yielding retail portfolio and to set up effective Risk Management System to address key issues like Risk identification, Risk measurement, Risk monitoring and Risk mitigation etc.

Bank has two Industrial Finance Branches at Mumbai and Ahmedabad and Corporate Business Branch at Mumbai. During the year Bank has opened 3 Corporate Business branches at Chennai, New Delhi and Kolkata catering to the credit needs of large corporates.

The sector-wise breakup of the branch network of the Bank as on 31st March, 2010.

क्षेत्र Sector	शाखाओं की संख्या No. of Branches	कुल का प्रतिशत Percent to Total
ग्रामीण Rural	450*	37
अर्धशहरी Semi Urban	229	19
शहरी Urban	226	18
महानगरीय Metro	318	26
कुल Total	**1223**	**100%**

* अनुषंगी शाखाएं भी शामिल हैं. * including Satellite branches

31. निरीक्षण एवं आंतरिक लेखापरीक्षा

देश भर में फैली हुई बैंक की विभिन्न शाखाओं के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण रखने हेतु बैंक में आंतरिक प्रणाली पहले से ही मौजूद है. शाखाओं, क्षत्रीय कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय के विभागों की लेखापरीक्षा के संबंध में

31. Inspection and Internal Audit

The Bank has an in-built system of effective control and supervision of the functioning of its various branches scattered all over the country. In compliance with guidelines of RBI on audit

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिदेशों का अनुपालन करने हेतु निरीक्षण विभाग समय समय पर आंतरिक निरीक्षकों तथा बाहरी सनदी लेखाकारों की फर्मों तथा सी.आई.एस.ए. / डी.आई.एस.ए. अर्हता प्राप्त सूचना प्रबंधन लेखापरीक्षकों आदि के द्वारा विविध प्रकार की लेखापरीक्षाएं संचालित करता है जिससे निर्धारित कार्यप्रणाली एवं कार्यविधियों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित हो और त्रुटियां, यदि कोई हों, को समय पर ठीक किया जा सके. आकस्मिक लेखा परीक्षा के अलावा, जब भी जरूरत हो, जोखिम आधारित आंतरिक निरीक्षण, समवर्ती लेखा परीक्षा, प्रबंधन लेखा परीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, राजस्व लेखापरीक्षा, औचित्य लेखापरीक्षा की गई. इन क्रियाकलापों के लिए उपयुक्त दस्तावेज तैयार किए जाते हैं और यह मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार किए जाते हैं.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिदेशों के अनुरूप और बासेल-II के अंतर्गत अपेक्षाओं के अनुपालन में बैंक ने दिनांक 01.04.2007 से निरीक्षण के लिए जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा(आरबीआईए) को अपनाया है. शाखाओं का निरीक्षण करनेवाले अधिकारियों को जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा करने के लिए समुचित प्रशिक्षण दिया गया है. वर्ष के दौरान बैंक ने आंतरिक स्तर पर प्रशिक्षित निरीक्षकों के साथ-साथ अनुभवी सूचीबद्ध बाह्य लेखा परीक्षकों के माध्यम से 735 शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा की.

प्रणाली एवं नियंत्रण को और मजबूत करने के लिए बैंक ने निगरानी तंत्र को सक्रीय कर दिया है. विभिन्न शाखाओं में समवर्ती लेखा परीक्षा के माध्यम से प्रधान कार्यालय के निरीक्षण विभाग द्वारा निगरानी की जाती है. कार्य तथा कार्यविधियों के सख्त अनुपालन किए जाने पर विशेष ध्यान देने सहित अनुकूल दृष्टिकोण से बडी संख्या में शाखाओं की निरीक्षण रेटिंग में सुधार हुआ है. बैंक की परिचालनगत दक्षता एवं विनियामक मूल्य निर्धारण को सुधारने / मदद करने हेतु निरीक्षण रिपोर्टों में बताई गई अनियमितताओं में निरंतर सामयिक सुधार करते रहने के आधार पर प्रभावशाली कदम उठाए गए हैं.

निरीक्षकों के ज्ञान / लेखापरीक्षा निपुणता के उन्नयन हेतु आंतरिक निरीक्षकों एवं समवर्ती लेखापरीक्षकों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये गये. इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर समवर्ती लेखापरीक्षकों के साथ तिमाही समीक्षा बैठकों की व्यवस्था की गई.

बैंक में कोर बैंकिंग प्रणाली के आगमन एवं सभी शाखाओं को इस प्रणाली के अंदर लिये जाने पर, बैंक ने शाखाओं के कारोबार क्रियाकलापों की निगरानी करने हेतु परोक्ष निगरानी प्रणाली शुरू की है.

32. सतर्कता

बैंक के कार्पोरेट कार्यालय में प्रभावी सतर्कता व्यवस्था है जिसके प्रमुख महा प्रबंधक स्तर के मुख्य सतर्कता अधिकारी हैं. उनको क्षेत्रों के आंचलिक सतर्कता अधिकारियों से सहायता मिलती है. विभाग की भूमिका एवं कार्य दोनों प्रकार अर्थात् निवारक एवं दंडनीय प्रकृति के हैं.

धोखाधडी की घटनाओं को कम करने हेतु बैंक द्वारा निवारक उपायों पर ज्यादा जोर दिया जाता है. शाखा स्तर पर निवारक सतर्कता समितियों का गठन किया गया है जो समस्याओं की पहचान करेंगी ताकि शाखा एवं क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर प्रणालियों एवं पद्धतियों को ठीक किया जा सके., शाखा में हुई धोखाधडियों की कार्यप्रणाली एवं भारतीय बैंक संघ के माध्यम से प्राप्त सूचना से कर्मचारियों

of Branches, Regional Offices and Departments at Head Office, the Inspection & Internal Audit Department is conducting various types of audits through internal inspectors, external Chartered Accountants firms and CISA / DISA qualified IS Auditors from time to time and ensures strict adherence to the Bank's laid down systems and procedures and timely plugging of loopholes, if any. Risk Based Internal Audit, Concurrent Audit, Management Audit, Information Systems Audit, Revenue Audit and Propriety Audit apart from Snap Audit as and when required are conducted. These activities are well documented and guided by the policies approved by Board.

In line with directives of RBI and to comply with requirement under BASEL II accord, Bank has adopted Risk Based Internal Audit (RBIA) for inspection w.e.f. 1st April, 2007. The officials inspecting the branches have been given adequate training for conducting RBIA. During the year the Bank has carried out RBIA of 735 Branches by internally trained inspectors as well as by the experienced empanelled external auditors.

To further strengthen adherence to the systems and control, the Bank has geared up monitoring mechanism. Monitoring is done through concurrent audit at various branches by Inspection department at Corporate Office. The strategic approach with special emphasis on strict adherence to systems and procedures has enabled improvement in the inspection ratings of large number of branches. The effective steps taken are monitored on an ongoing basis for timely rectification of irregularities pointed out in the inspection reports to help/improve the operational efficiency and regulatory rating of the Bank.

To upgrade the knowledge/audit skills training sessions are conducted for internal inspectors and concurrent auditors. Further, quarterly review meetings are arranged with the concurrent auditors at Regional Office level.

With the onset of Core Banking System in the organization and all the branches being brought under its umbrella, Bank has introduced an off-site surveillance system for monitoring of business activities of the branches.

32. Vigilance

The Bank has an effective Vigilance set up at its Corporate Office headed by Chief Vigilance Officer of General Manager rank. He is assisted by Zonal Vigilance Officers in the field. The role and function of the Dept. are both Preventive and Punitive in nature.

More emphasis is given by the Bank on preventive measures in order to minimize incidence of fraud. Preventive Vigilance Committees have been formed at the Branches levels which identify problem area so as to tone up systems and procedures at the branch level and Regional Office level. The modus operandi of the frauds occurred in the branches as well as those received

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

को अवगत कराया जाता है. कर्मचारियों को धोखाधडियों और उसे रोकने हेतु किये जानेवाले निवारक उपायों के बारे में बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण के दौरान सचेत किया जाता है. बैंक में बड़ी धोखाधडियों पर निगरानी रखने के लिए निदेशक मंडल स्तर की समिति गठित है.

कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने से पहले उसके उपयुक्त एवं बदनियत वाले निर्णयों को अलग अलग ढंग से देखा जाता है. प्रभावी अनुशासनिक कार्यवाही करने हेतु अनुशासनिक प्राधिकारी, जांच प्राधिकारी एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाता है.

बैंक भारत सरकार, केंद्रीय जांच आयोग एवं भारतीय रिज़र्व बैंक से सतर्कता कार्यों पर प्राप्त अनुदेशों / दिशानिदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है.

33. राजभाषा कार्यान्वयन / आंतरिक प्रकाशन

बैंक ने आलोच्य वित्तीय वर्ष के दौरान राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए अपने सघन प्रयास जारी रखे. वर्ष के दौरान बैंक का ध्यान शब्द संसाधक, कोर बैंकिंग समाधान एवं ई-मेल के माध्यम से हिन्दी के कार्यान्वयन पर केंद्रित रहा.

33.1 पुरस्कार

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष 2008-09 के लिए आयोजित "गृह पत्रिका प्रतियोगिता" की द्विभाषिक श्रेणी में बैंक को अपनी गृह पत्रिका 'देना ज्योति' के लिए चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त हुआ. वर्ष 2008-09 के दौरान महाराष्ट्र राज्य में स्थित बैंक की शाखाओं व कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए महाराष्ट्र राज्य स्तरीय बैंकर समिति (राजभाषा), पुणे की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में हमारे बैंक को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ.

33.2 प्रशिक्षण

बैंक ने अपने कार्यालयों तथा शाखाओं में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखा. वर्ष के दौरान बैंक ने कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक के संकाय सहयोग से राजभाषा अधिकारियों के लिए हिन्दी यूनिकोड प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा हिन्दी साफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया. प्रशिक्षण प्राप्त राजभाषा अधिकारी विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 94 हिन्दी कार्यशालाओं तथा हिन्दी साफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें 836 अधिकारियों एवं 688 अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया. इसके अलावा, कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करने हेतु कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 112 डेस्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.

33.3 हिन्दी सॉफ्टवेयर

तकनीकी परिवर्तनों की गति बनाए रखते हुए, बैंक ने विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों एवं शाखाओं में प्रयोग में लाए जा रहे सभी कंप्यूटरों में कंप्यूटर आधारित द्विभाषिक शब्द संसाधन सुविधाएँ प्रदान की हैं. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक ने सीबीएस शाखाओं के लिए 'स्क्रिप्ट मैजिक' हिन्दी सॉफ्टवेयर का कार्यान्वयन जारी रखा. यह सॉफ्टवेयर वर्ष के दौरान 800 से भी अधिक शाखाओं में उपलब्ध कराए गए हैं. इन सुविधाओं के प्रयोग को बढ़ावा देने के

through IBA is being shared amongst the staff. The employees are sensitized about the fraud taken place and of the preventive measures to be taken at the training establishments of the Bank. The bank has a Board level Committee for monitoring of large value frauds.

A distinction is made between the bonafide and malafide decisions of the employee before initiating action against. Training is imparted to the Disciplinary Authority, Inquiring Authority and the Presenting Officers for effective conduct of the Disciplinary Proceedings.

The bank ensures implementation of the instructions/guidelines on Vigilance functioning received from Govt. of India, Central Vigilance Commission and Reserve Bank of India.

33. Implementation of Official Language/ In-house publications

The Bank continued vigorous efforts for implementation of official language Hindi during the financial year under review. During the year Bank's focus was on implementation of Hindi Softwares through word processors, Core Banking solution and E-mail.

33.1 Awards

During the year under review Bank was awarded IV th prize by Reserve Bank of India for it's house journal "Dena Jyoti" in bilingual category for the year 2008-09. Bank received IIIrd prize in the competition organized by Maharashtra State Level Bankers' Committee (Rajbhasha), Pune for excellent performance in implementation of official language Hindi in its offices and Branches situated in the Maharashtra State during 2008-09.

33.2 Training

The Bank continued to conduct special Training Programs to promote the use of Hindi in its offices and branches. During the year Bank has organized Hindi Unicode Training Program with the faculty support of College of Agriculture Banking, Reserve Bank of India and Hindi Software Training Program for Official Language Officers, who in turn will impart the training to officers and staff members working at various offices and branches.

During the year under review 94 Hindi Workshops and Hindi Software training programs were conducted in which 836 officers and 688 other employees were trained. In addition to these 112 Desk Training Programs were also conducted to impart practical training to the employees for doing the official work in Hindi.

33.3 Hindi Software

Keeping pace with the technological changes, the bank has provided computer based bilingual word processing facilities on all computers in use at various administrative offices and branches. During the year under review Bank continued the implementation of Hindi Software "Script Magic" for CBS Branches. This software is provided to over 800 branches during the year. Hindi Software training programs were conducted to promote the use of these

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

लिए हिन्दी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए. बैंक ने प्रधान कार्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों की शाखाओं में हिन्दी सॉफ्टवेयर आकृति एवं ईजी मेलर के विशेष डेस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये. बैंक द्वारा संस्थापित सभी एटीएमों में द्विभाषिक प्रयोग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

33.4 वित्त मंत्रालय द्वारा निरीक्षण

वर्ष के दौरान संयुक्त निदेशक (राजभाषा), वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के निरीक्षण के लिए हमारे प्रधान कार्यालय का दौरा किया. उन्होंने अपनी रिपोर्ट में, प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रों में राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए हमारे बैंक द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की है.

33.5 प्रचार में हिन्दी का प्रयोग

आम जनता और ग्राहकों में अपनी विभिन्न योजनाओं का प्रचार करने के लिए, हमारी विभिन्न योजनाओं के पंपलेट एवं प्रचार सामग्री हिन्दी में तैयार करके मुद्रित करवाई गई.

तीनों भाषिक क्षेत्रों में बैंक शाखाएं / कार्यालय भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के स्तर में सुधार करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और हमारी ग्राहक सेवा में सुधार के लिए इसे संप्रेषण का मुख्य माध्यम बनाने के लिए प्रयासरत हैं.

33.6 द्विभाषी गृह पत्रिका

कॉर्पोरेट संप्रेषण में राजभाषा हिन्दी की भूमिका को बढाने के लिए तथा हमारे स्टाफ सदस्यों को नवीनतम विषयों एवं विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में जानकारी देने के लिए, बैंक ने अपनी गृह पत्रिका "देना ज्योति" के अंक विभिन्न बैंकिंग विषयों पर विशेषांक के रुप में द्विभाषी रुप में प्रकाशित किये. पत्रिका में लेख, समाचार व गतिविधियां द्विभाषिक रुप में प्रकाशित किए जाते हैं ताकि बैंक का प्रत्येक कर्मचारी इनसे लाभान्वित हो सके.

34. अवसर एवं चुनौतियां

यद्यपि अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए घोषित प्रोत्साहन पैकेज को समाप्त करने के लिए भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कुछ उपाय किये जा रहे हैं, लेकिन संतुलित दृष्टिकोण के कारण समग्र तरलता स्थिति अनुकूल बनी हुई है. आर्थिक क्रियाकलापों में स्थिति सुधरने तथा 2010-11 के दौरान सामान्य मानसून की संभावना से वाणिज्यक क्षेत्र को ऋण प्रवाह में सुधार होने की संभावना है.

तीनों प्रमुख अंग अर्थात् कृषि, उद्योग और सेवाएं निरंतर विकास की गति में सहायक होने की संभावना है. वर्ष के अंत में जमाराशियों की ब्याज दरों में सीमांत वृद्धि हुई जोकि उच्च नीति दरों तथा सरकारी बॉण्डों पर कम आय के वातावरण में ब्याज दरों में परिवर्तन दर्शाती हैं. बी.पी.एल.आर. के स्थान पर आधार दर आरंभ किये जाने के कारण बैंकों द्वारा उधार दरों के निर्धारण में बेहतर पारदर्शिता होगी. बैंक आधार दर परिदृश्य के कारण उत्पन्न नयी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे.

यद्यपि, वर्ष के दौरान वृद्धि दर पर्याप्त रूप में सकारात्मक बने रहने की संभावना है, सरकार द्वारा बडी उधारी तथा मुद्रा स्फीति में वृद्धि के कारण

facilities. Bank has conducted Special Desk Training Program for Hindi Software Akruti and Easy Mailer at Head Office and branches of various regions. All the ATMs installed by the Bank have been provided with bilingual access facilities.

33.4 Inspection by Ministry of Finance

During the year the Joint Director (Rajbhasha), Department of Financial Services, Ministry of Finance, Govt. of India visited our Head Office for inspection of progressive use of official language. In his report he has appreciated the efforts of our bank for implementation of official language at the Head Office and in Regions.

33.5 Use of Hindi in Publicity

In order to popularize our various schemes among public at large and customers, pamphlets and publicity material of our various schemes were prepared and printed in Hindi.

Bank Branches / offices in all the three lingual regions are constantly making efforts for improving level of implementation of official Language Policy of Government of India and striving to make it as a prime medium of communication to improve our customer service.

33.6 Bilingual House Journal

In order to maximize the role of Official Language Hindi in corporate communication and educating our staff members about various activities and current subjects, Bank published the various issues of its house journal "Dena Jyoti" as Special Issue on various banking subjects in bilingual form. Articles, news and events are published in bilingual to have its reach to every staff of the bank.

34. Opportunities and Threats

Although some small measures are being initiated by the Government of India and Reserve Bank of India to exit from the stimulus packages announced for reviving the economy but balanced approach has ensured that the overall liquidity conditions remain comfortable. The flow of credit is expected to improve to commercial sectors with acceleration of stronger recovery in economic activity duly supported by assumption for normal monsoon during 2010-11.

All the three major components, viz. agriculture, industry and services are expected to support sustained momentum in growth. The year end saw marginal increase in deposit rates reflecting change in the interest rate environment resulting from higher policy rates and hardening yield on Government bonds. The introduction of the Base Rate in place of BPLR is likely to impart greater transparency to fixation of lending rates by the bank. Bank will be able to position itself for the new challenges posed by the Base Rate regime.

Even though the growth is expected to remain overwhelmingly positive during the year, concerns remain from large government

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

चिंता बने रहने की संभावना है जिससे उच्च वेतन की मांग तथा निवेश की लागत में वृद्धि के कारण लागत बढ सकती है, कृषि में होनेवाली वृद्धि मानसून पर निर्भर है जोकि एक अनिश्चितता है. वैश्विक अर्थव्यवस्था ने पुनरुत्थान के संकेत दिये हैं लेकिन अभी भी वह नाजुक है और उसका असर निर्यात पर पड़ सकता है. बैंक चालू खाता एवं बचत खाता जमाओं में वृद्धि की बहुमुखी योजना, बट्टे खाते लिखे खातों में वसूली तथा शुल्क आधारित आय में वृद्धि से आगामी वर्ष के दौरान आनेवाली चुनौतियों का सामना कर सकेगा.

borrowings and the increase in inflation which may push costs through demand for higher wages and increase in input costs. The revival in the growth of agriculture is subject to assumption of normal monsoon resulting in uncertainties. The global economy has shown signs of recovery but is still fragile and shall have impact on the exports. Bank with its multi pronged strategy of increasing the CASA deposits, recovery in written off accounts and augmenting fee based income shall overcome the challenges it shall face during the ensuing year.

35. भावी संभावनाएं

विकास प्रक्रिया को प्रभावित किये बिना मुद्रा स्फीति को रोकने पर केंद्रित भारतीय रिज़र्व बैंक के नीति निर्णय से 2010-11 की संभावनाएं सकारात्मक लगती हैं. आर्थिक वृद्धि में सुधार से ऋण की मांग बढेगी और बैंक का यह प्रयास रहेगा कि वह विभिन्न क्षेत्रों को प्रतियोगी दरों पर ऋण उपलब्ध करायेगा.

वित्तीय समावेशन के बारे में भारत सरकार के नीतिगत दिशानिर्देशों का पालन करने के साथ-साथ बैंक अपनी गैर ब्याज आय / शुल्क आधारित आय में वृद्धि के साथ अपने संसाधनों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में है.

बैंक की आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार के लिए बैंक की ऋण सुपुर्दगी प्रणाली और साख निगरानी प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. चूंकि बैंक की पिछले वर्ष की योजना से अच्छे परिणाम मिले हैं, इसलिए बैंक नये क्षेत्रों में नयी शाखाएं खोलकर अपना विस्तार करने, लघु मध्यम उद्योग, रिटेल तथा कृषि को महत्व देने, लागत को कम करने के लिए कासा जमा राशियों में सुधार, बट्टे खाते लिखे गए खातों में वसूली के निरंतर प्रयास तथा केवल अपने उत्पादों की बिक्री से ही नहीं बल्कि अन्य पक्षों के उत्पादों के विपणन से गैर-ब्याज / शुल्क आधारित आय बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित रखेगा.

35. Outlook

With the policy decisions by RBI concentrating on containing inflation albeit without hurting the growth process the outlook for 2010-11 appears to be optimistic. The recovery in economic growth shall see the increase in credit demand and Bank shall endevour to make it available to different sectors at competitive rates.

Apart from attending to the Government of India policy guidelines on Financial Inclusion, Bank is in the process of rejunuveting its resources for augmenting its non interest income/fee Based income.

The Bank's credit delivery system and credit monitoring system will play a vital role in improving the Asset Quality of the Bank. As the Banks strategy during last year has yielded good results it shall continue to remain focused on expanding its outreach by opening new branches in hither to new areas, concentrate on thrust areas of SME, Retail and Agriculture, improve CASA Deposits to bring down the cost of deposit, sustained efforts in recovery in written off accounts and increasing non interest / fee based income by marketing of not only its own products but also cross selling of third party products.

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(डी.एल. रावल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

For and on behalf of Board of Directors

(D. L. Rawal)
Chairman & Managing Director

कार्पोरेट अभिशासन CORPORATE GOVERNANCE

1. अभिशासन संहिता पर बैंक की नीति

बैंक में कार्पोरेट अभिशासन को कार्यक्षमता में सुधार तथा निवेशकों का विश्वास बढाने के लिए वृद्धि के प्रमुख कारक के रूप में माना जाता है और तदनुसार, कार्पोरेट अभिशासन नीति में मानवीय मूल्यों, वैयक्तिक प्रतिष्ठा एवं क्रियाकलापों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु ईमानदारी, नैतिकता एवं व्यवसायिक आचरण के पालन को शामिल किया गया. बैंक का प्रबंधन एवं कर्मचारी उसके सभी शेयरधारकों का विश्वास बनाये रखने के लिए पारदर्शिता, जिम्मेदारी एवं निष्ठा के महत्वपूर्ण गुणों को अपनाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं.

बैंक ने विभिन्न स्टॉक एक्सचेंजों के साथ समय-समय पर यथा संशोधित सूचीबद्धता करार के खंड 49 के अधीन कार्पोरेट अभिशासन की संहिता को पूर्णत: कार्यान्वित किया है. बैंक की कार्पोरेट अभिशासन नीति केवल विधिक एवं सांविधिक अपेक्षाओं के अनुपालन के लिए ही नहीं मानी जाती, बल्कि निम्न के प्रति एक वचनबद्धता भी है:

(क) विधिक एवं नीतिसंगत पद्धति से शेयरधारकों के मूल्य को बढाना

(ख) बैंक के ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करना

(ग) ग्राहकों, कर्मचारियों, निवेशकों तथा समाज को मुक्त एवं उचित वातावरण प्रदान करना तथा

(घ) पारदर्शी एवं योग्यता आधारित प्रबंधन सुनिश्चित करना.

भेदिया व्यापार की रोकथाम

देना बैंक ने भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए सेबी (भेदिया व्यापार निषेध) विनियमों 1992 की अपेक्षाओं के अनुरूप "भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए देना बैंक आचरण संहिता" नामक व्यापक आचरण संहिता निर्धारित की है. सभी निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कर्मचारी एवं बैंक के अन्य कर्मचारी, जिनकी बैंक के अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना तक पहुंच है, इस कूट से अभिशासित हैं, बैंक ने श्री एस.के. जैन को अनुपालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है जो बैंक की प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए पद्धतियां निर्धारित करने एवं आचार संहिता के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उक्त कूट का विधिवत् अनुपालन हुआ है.

आचार संहिता

निदेशक मंडल ने अपने निदेशकों तथा महाप्रबंधकों के लिए भारतीय बैंक संघ द्वारा परिचालित आदर्श आचार संहिता को अनुमोदन प्रदान किया है. कूट में अन्य बातों के साथ-साथ ईमानदारी एवं नैतिक वैयक्तिक आचरण, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, पारदर्शिता एवं विधि तथा विनियमों आदि के प्रति प्रतिबद्धता शामिल है. आचार संहिता बैंक की वेब साइट पर उपलब्ध करायी गयी है.

2. निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का गठन बैंककारी विनियम अधिनियम 1949 और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 तथा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के प्रावधानों के द्वारा अभिशासित होता है.

1. Bank's Philosophy on Code of Governance

The Corporate Governance in the Bank is viewed as a key element in improving efficiency and growth for enhancing investor's confidence and accordingly the corporate governance policy has been imbibed with strong emphasis on human values, individual dignity and adherence to honest, ethical and professional conduct to achieve excellence in all fields of activities. The Management and Employees of the Bank are committed to uphold the core value of transparency, accountability and integrity in building confidence of all its stakeholders.

The Bank has implemented the Code of Corporate Governance under Clause 49 of the Listing Agreements, as amended from time to time, entered into with various Stock Exchanges. The Bank's Corporate Governance policy is considered as not only compliance to the legal and statutory requirements but also as commitment to the following:

(a) To enhance shareholders value in legal and ethical manner

(b) Provide best of the services to the customers of the Bank

(c) Provide free and fair environment to the customers, employees, investors and society at large, and

(d) To ensure transparent and merit based management.

Prevention of Insider Trading

Dena Bank has instituted a comprehensive code of conduct for prevention of insider trading namely, "Dena Bank Code of Conduct for Prevention of Insider Trading" in accordance with the requirements of SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 1992. All the Directors, Employees at senior management level and other Employees of the Bank who could have access to the unpublished price sensitive information of the Bank are governed by the code. Bank has appointed Shri S. K. Jain as compliance officer who is responsible for setting forth procedures and implementation of the code of conduct for trading in Bank's securities. During the year under review there has been due compliance with the said code.

Code of Conduct

The Board of Directors has approved a Model Code of Conduct circulated by the Indian Banks' Association for its Directors and General Managers. The code covers amongst other things the Company's commitment to honest and ethical personal conduct, fair competition, transparency and compliance of laws and Regulations etc. The code of conduct is posted on the website of the Bank.

2. Board of Directors

The constitution of Board of Directors of the Bank is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 & Nationalized Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970.

कार्पोरेट अभिशासन CORPORATE GOVERNANCE

दिनांक 31.03.2010 को निदेशक मंडल में 9 निदेशक शामिल हैं, जिनमें दो पूर्णकालिक निदेशक अर्थात् सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यपालक निदेशक. तथा 7 गैर-कार्यपालक निदेशक. 7 गैर-कार्यपालक निदेशकों में से एक भारत सरकार का नामिती सरकारी निदेशक, एक भारतीय रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधि निदेशक, एक अधिकारी कर्मचारियों का प्रतिनिधि निदेशक, एक निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है और तीन निदेशकों का केंद्र सरकार के अलावा, शेयरधारकों द्वारा चुनाव किया जाता है. दिनांक 31.03.2010 को एक कामगार कर्मचारी निदेशक, एक सनदी लेखाकार निदेशक एवं भारत सरकार द्वारा नियुक्त दो निदेशकों के पद रिक्त हैं.

As of 31.03.2010, the composition of the Board consists of 9 Directors including two whole time Directors viz., the Chairman & Managing Director and the Executive Director appointed by Government of India and 7 non-executive Directors. Out of 7 non-executive Directors, one Official Director Government of India Nominee, one Director represents Reserve Bank of India, one Director represents Officer Employees of the Bank, one Director appointed by the Government of India and three shareholder Directors elected by the Shareholders other than the Central Government. The post of one Workmen Director, one Chartered Accountant Director and two Directors appointed by Government of India are lying vacant on the Board as of 31.03.2010.

2.1 मंडल की बैठकें

आलोच्य वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की 14 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित हुईं:

2.1 Meetings of the Board of Directors

During the year under review, 14 meetings of the Board of Directors were held on the following dates:

29.04.2009	23.05.2009	17.06.2009	11.07.2009	25.07.2009	22.08.2009
26.09.2009	26.10.2009	27.11.2009	19.12.2009	27.01.2010	28.01.2010
20.02.2010	20.03.2010				

2.2 निदेशकों के विवरण

आलोच्य वर्ष के अंतर्गत निदेशक मंडल के निदेशकों के आवश्यक विवरण तथा मंडल की बैठकों में उनकी उपस्थिति का विवरण अनुबंध क एवं ग में दिया गया है.

2.2 Particulars of Directors

The necessary particulars of Board of Directors and status of attendance in the Board meetings during the year under review are given in the Annexure A, B and C.

3. निदेशकों की समितियाँ

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप और कार्पोरेट अभिशासन आदि के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार बैंक ने अपने निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों का गठन किया है जिनका ब्यौरा इस प्रकार है:

3. Committees of Directors

In accordance with the guidelines issued by Reserve Bank of India and the guidelines on Corporate Governance etc., the Bank has constituted various Committees of the Board of Directors, the details of which are given below:

3.1 निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति

बैंक ने राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के प्रावधानों के अनुसार प्रबंधन समिति का गठन किया है. समिति के मुख्य कार्यो में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के विवेकाधीन अधिकारों से अधिक के साख प्रस्तावों की स्वीकृति, पूंजीगत एवं राजस्व व्यय के अनुमोदन के प्रस्ताव और सरकारी एवं अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों, हामीदारी, समझौता निपटारा प्रस्ताव एवं बट्टे खाते डालने के प्रस्ताव आदि सहित कंपनियों / कार्पोरेट शेयरों / डिबेंचरों / बांडों में निवेश तथा प्रबंधन समिति को निदेशक मंडल द्वारा प्रस्तुत कोई अन्य मामले शामिल हैं.

समिति के सदस्यों की संरचना तथा बैठकों में उनकी उपस्थिति का विवरण परिशिष्ट ख एवं ग में दिया गया है.

3.1 Management Committee of the Board

The Board had constituted Management Committee as per provisions of Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970. The main functions of the Committee include sanctioning of credit proposals, Loan Compromise / Write-off proposals, Filing of suits / appeals, proposals for approval of capital and revenue expenses, investments in Government and other approved securities / shares/ Bonds and debentures of companies / Corporates, including underwriting, proposals for acquisition and hiring of premises, donations etc. which are beyond the discretionary powers of the Chairman & Managing Director and any other matter referred to the Management Committee by the Board.

The composition of the members of the committee and details of attendance at its meetings during the year under review are given in Annexure B and C.

3.2 निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति

